


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 128 | रांची, रविवार, 21 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल 13, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




# रांची में आज उलगुलान के जरिए दहाड़ेगा 'इंडिया'

## प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में शिरकत करेंगे देशभर के बड़े नेता, कल्पना सोरेन व सरिता केजरीवाल मंच से भरेंगी हुंकार

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में कल यानी 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन की ओर से उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन होने जा रहा है। इस उलगुलान न्याय महारैली में देशभर से इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल होने जा रहे हैं।

इस रैली के मंच से दो ऐसी पत्नियां हुंकार भरेंगी, जिनके पति आज जेल में हैं। एक तरफ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन होंगी, तो वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल इस मंच से हुंकार भरेंगी। इस रैली के जरिए इंडिया गठबंधन के सभी नेता केंद्र सरकार को घेरेंगे।

दिल्ली और मुंबई की तर्ज पर अब रांची में भी विपक्ष का मंच सजने जा रहा है और इस मंच से इंडिया गठबंधन के नेता केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। इस महारैली में कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे, तो वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से सुनीता केजरीवाल, संजय सिंह और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान होंगे। राजद की ओर से लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव होंगे। शेष पेज 08 पर




### रैली का उद्देश्य तानाशाही को उखाड़ फेंकना हैः चंपाई



**रांची।** शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद शनिवार के दोपहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इस देश से तानाशाही को समाप्त करना है। आप लोगों ने देखा है कि कैसे लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं। जिसके नाम पर हम लोगों ने सरकार बनाई है, उसे साजिश के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है। ऐसा ही कांड नई दिल्ली की सरकार के साथ भी हुआ है। इस रैली का मकसद देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना भी है। पहले दिल्ली में सरकार को गलत तरीके से हटाया गया। झारखंड में भी ऐसे ही प्रयासों को देखकर झामुमो को नेतृत्व में परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। जरा सोचिए, जिस चेहरे को दिखाकर हमें बहुमत मिली, वही सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है।

### जब भी झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, उलगुलान हुआ हैः बसंत



रांची। रांची की होटवार जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और झारखंड कैबिनेट में मंत्री बसंत सोरेन ने शनिवार को उलगुलान रैली को लेकर प्रभात तारा स्कूल के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब-जब झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, यहां उलगुलान हुआ है। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कुछ लोगों को उलगुलान नाम पर विरोध है और कहा कि, जब-जब झारखंड की जनता के साथ शोषण हुआ है, तब-तब उलगुलान हुआ है। झामुमो माटी की पार्टी है। हमारी नाभि इसी जमीन से जुड़ी है। झारखंड का इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा हुआ है।

### महारैली से झामुमो विधायक लोबिन मरांडी ने किया किनारा, उठाए सवाल



**पाकुड़/रांची।** रविवार को एक ओर झामुमो उलगुलान न्याय महारैली में अपना ताकत दिखाएगा। वहीं पार्टी के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेंब्रम ने इस महारैली को लेकर सवाल उठाया है। सवाल किया है कि आखिर इस रैली में क्यों जाएं। ऐसी क्या कमजोरी आ गयी है झामुमो में। शेष पेज 08 पर

### उलगुलान न्याय रैली नहीं, आदिवासी अपमान महारैली हैः बाबूलाल मरांडी



**रांची।** 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान न्याय महारैली को लेकर भाजपा एवं झामुमो में जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने महारैली को लेकर राजधानी में लगाए पोस्टर के बहाने झामुमो और गठबंधन पर वार किया है। उन्होंने कहा कि इसे सही मायने में उलगुलान रैली नहीं, बल्कि आदिवासी अपमान महारैली कहा जाना चाहिए। आइएनडीआइए की इस रैली के लिए पोस्टर जारी किया गया है, उसमें झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर नहीं है। यह हास्यास्पद है और आदिवासियों के लिए अपमान की बात है। बाबूलाल मरांडी ने पोस्टर में हेमंत सोरेन की तस्वीर पर कहा कि करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपी व्यक्ति को रैली के बहाने महिमामंडित किया जा रहा है। जेएमएम का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन परिवार तक ही सीमित रह गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की जनता सब देख रही है। चुनाव में इसका जवाब मिलेगा।

### बाबूलाल के आरोप पर झामुमो का पलटवार



रांची। बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पलटवार किया। कहा कि बाबूलाल या तो दृष्टिहीन हो गए हैं या फिर धृतराष्ट्र। वे उन्हें सभी पोस्टर का फोटो भिजवा देंगे, जो जारी किए गए हैं या रांची में लगाए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश में सबसे बड़े भ्रष्टाचारियों और भ्रष्टाचार के संरक्षक पीएम मोदी बन गए हैं। मरांडी के मुंह से भ्रष्ट और भ्रष्टाचार की बातें शोभा नहीं देती हैं। पहले भी उनके कारनामों को उजागर किया गया है। समय आने पर उनके अन्य कारनामों को भी उजागर किया जाएगा।

स्पष्ट है, इंडी गठबंधन की रैली में जमीन से जुड़े नेताओं को दरकिनार किया जा रहा है। इस आयोजन में सिर्फ परिवारवादियों को ही जगह दी जा रही है।

### वाहनों के रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित

रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को होनेवाली उलगुलान न्याय महारैली को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षा व्यवस्था में दो हजार जवान और अफसर तैनात रहेंगे। महारैली में शामिल होने के लिए बाहर से आनेवाले लोगों के वाहनों के लिए रूट और पार्किंग स्थल निर्धारित किये गये हैं। ट्रैफिक एसपी ने रूट लाइन और पार्किंग को लेकर शनिवार को आदेश भी जारी कर दिया। इधर, प्रभात तारा मैदान में पुलिस के जवानों को अधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज, धारा 144 लागू

**रांची।** सदर अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर रविवार को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित होगी। इसे लेकर सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक संचालित होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच से अधिक व्यक्तियों का मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। शेष पेज 08 पर

### एलन मस्क की भारत यात्रा टली

**नयी दिल्ली।** टेस्ला के सीइओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि उनकी भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गयी है। मस्क अप्रैल के चौथे सप्ताह में भारत की यात्रा पर आने वाले थे। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि दुर्भाग्य से, टेस्ला संबंधी बहुत भारी दायित्वों के कारण भारत की यात्रा टाल दी है, लेकिन मैं इसी वर्ष यात्रा के लिए बहुत उत्साहित हूं। विस्तृत पेज 11 पर

### सीयूइटी-यूजी में इस बार अंकों का नहीं होगा सामान्यीकरण

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के हवाले से शनिवार को बताया गया कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूइटी-यूजी) सात दिनों में संपन्न होगी। एक दिन में एक ही पाली में परीक्षा ली जायेगी। इस बार अंकों का सामान्यीकरण नहीं होगा। 15 विषयों की परीक्षा पेन-पेपर मोड में और 48 विषयों की परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित माध्यम से ली जायेंगी।

### दूरदर्शन के लोगो का रंग लाल से हुआ नारंगी, सियासी विवाद

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन न्यूज के 'लोगो' का रंग लाल से बदल कर नारंगी करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। प्रसारक ने पिछले हफ्ते डीडी न्यूज के 'नये लोगो' का अनावरण किया था, जिसकी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आलोचना की है। वहीं, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ममता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'भगवा' के प्रति उनका प्रेम 'जगजाहिर' है।

### तेजस्वी को झारखंड में लगा एक और बड़ा झटका

## पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद से दिया इस्तीफा



- पलामू संसदीय क्षेत्र से बसपा के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

**पलामू।** लोकसभा चुनाव से पहले लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव को झारखंड में एक और झटका लगा है।

शनिवार को पलामू लोकसभा के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के बाद कामेश्वर बैठा ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। कामेश्वर बैठा पलामू संसदीय क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। शेष पेज 08 पर

### महाराष्ट्र के नांदेड़ की रैली में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## 'ये तो मोदी है घर में घुस कर मारेगा'



**नांदेड़ (महाराष्ट्र)।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान के बाद अब सभी पार्टियां दूसरे चरण के चुनाव की तैयारी में जुट गईं हैं। इस क्रम में महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सार्वजनिक सभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया और विरोधी पार्टियों पर जमकर बरसे। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। उन सभी को बधाई और आभार, जिन्होंने अपना वोट डाला। विशेष रूप से पहली बार मतदाताओं का आभार, जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लिया।

**पहले चरण में एनडीए के लिए एकतरफा वोटिंग :** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि, मतदान समाप्त होने के बाद बूथ स्तर पर जो विश्लेषण किया गया और जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार, इस बात की पुष्टि हुई है कि पहले चरण में एनडीए के लिए एकतरफा वोटिंग हुई है।

**इंडी अलायंस के लोग अपने स्वार्थ के लिए साथ आए :** विरोधी पार्टियों पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इंडी अलायंस के लोग अपने स्वार्थ के लिए साथ नजर आ रहे हैं। ये लोग अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। इसलिए खबर यही है कि पहले चरण में मतदाताओं ने इंडी अलायंस को पूरी तरह नकारने का काम किया है। शेष पेज 08 पर

## देश की 70 करोड़ जनता की संपत्ति केवल 22 लोगों के पास : राहुल गांधी

- बिहार में कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी पर बोला हमला



**भागलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में चुनावी अभियान की शुरुआत भागलपुर से की। शहर के सैंडिस कंपाउंड में महागठबंधन के प्रत्याशी और कांग्रेस लीडर अजीत शर्मा के पक्ष में वोट करने के लिए जनसभा में लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने बीजेपी और एनडीए के नेताओं के साथ केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल की सभा में आरजेडी के तेजस्वी यादव और महागठबंधन में हाल ही में शामिल हुए वीआईपी के मुकेश सहनी समेत कांग्रेस के कई नेता मंच पर मौजूद थे। सैंडिस कंपाउंड में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आज हिंदुस्तान में 22 ऐसे लोग हैं, जिनके पास 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के बराबर संपत्ति है। नरेंद्र मोदी ने दस सालों में ऐसा हाल बना दिया है कि हिंदुस्तान में 70 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी दैनिक आमदनी 100 रुपए से कम है। एक तरफ अंबानी अडानी है, जिन्हें देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा दिया गया है, तो दूसरी ओर गरीब, किसान, मजदूर हैं और छोटे व्यापारी हैं जो 10 सालों से नरेंद्र मोदी की सरकार में पीस रहे हैं। शेष पेज 08 पर

## सड़क हादसे में बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई की मौत, बहन घायल

- धनबाद जिले के निरसा थाना क्षेत्र के निरसा चौक के पास डिवाइडर से टकरायी कार



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के निरसा थाना क्षेत्र के निरसा चौक एनएच-2 पर शनिवार की दोपहर मारुति स्विफ्ट कार (डब्ल्यूबी 44डी 2899) अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। इसमें राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना (55 वर्ष) की मौत हो गयी, जबकि उनकी धर्मपत्नी सरिता तिवारी (51 वर्ष) घायल हो गयीं। एसएनएमएमसीएच में इनका इलाज चल रहा है। ये बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहन-बहनोई बताए जा रहे हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का दो चक्का खुलकर गिर गया। कार सवार दंपती धनबाद से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहे थे। घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुड़ गई। सूचना पाकर निरसा पुलिस भी मौके पर पहुंची। नेशनल हाइवे की एंबुलेंस बुलाकर घायल दंपती राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता तिवारी को धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया, जहां राजेश तिवारी की मौत हो गई। हादसे में पति-पत्नी के सिर में गंभीर चोटें आयीं थीं। सूचना पाकर भाजपा नेता सह भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय सहित अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। राजेश तिवारी पश्चिम बंगाल के चितरंजन स्थित सीएलडबल्यूयू के अधिकारी बताए जा रहे हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। शेष पेज 08 पर

### जेल में बंद 176 कैदियों ने भी पास की यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा

**गाजियाबाद।** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जेल में बंद 176 कैदी भी पास हुए हैं। जेल से हाईस्कूल की परीक्षा देने वाले 91 में से 89 कैदी और इंटरमीडिएट में 105 में से 87 कैदी पास हुए हैं। प्रदेश की 30 जेलों में बंद कैदियों ने हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा दी थी। सबसे अधिक गाजियाबाद की जेल से 17 कैदियों ने हाईस्कूल और 21 कैदियों ने इंटर की परीक्षा दी थी। हाईस्कूल में सभी 17 कैदी पास हो गए हैं। वहीं इंटर में 21 में से 17 कैदी पास हुए हैं। यूपी बोर्ड रिजल्ट 2024 आगरा जेल के 8 कैदियों ने हाईस्कूल, 7 ने इंटर की परीक्षा पास की है। शेष पेज 08 पर

## कांग्रेस के दिग्गज नेता ललन चौबे ने छोड़ी पार्टी

- कांग्रेस के प्रदेश और केंद्रीय नेताओं पर टिकट बेचने का लगाया गंभीर आरोप



**रांची।** विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाने से नाराज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सह इंटक नेता ललन चौबे ने शुक्रवार को पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। यह जानकारी उन्होंने भागा स्थित अपने आवास में पत्रकारों को दी। इस दौरान ललन चौबे ने कांग्रेस के प्रदेश व केंद्रीय नेताओं पर टिकट बेचने का आरोप लगाया। ललन चौबे ने आरोप लगाया कि विधायक अनूप सिंह कोयले का अवैध धंधा चलाने के आरोपित हैं। कांग्रेस ने ऐसी घरेलू महिला को टिकट दे दिया, जिन्होंने कभी घर की चौखट नहीं लांघी। कांग्रेस ने जानबूझकर भाजपा को लाभ पहुंचाने को अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यह समर्पित कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। शेष पेज 08 पर

### गिरफ्तारी से पहले ही इंसुलिन लेना बंद कर चुके थे केजरीवाल

- तिहाड़ जेल प्रशासन ने एलजी को सौंपी रिपोर्ट में किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर जेल अधिकारियों ने हैरान कर देने वाला दावा किया है। कहा, है कि, केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी से कई महीने पहले इंसुलिन लेना बंद कर दिया था और वह बुनियादी मधुमेह रोधी मौखिक दवा ले रहे हैं। अधिकारियों ने तिहाड़ जेल प्रशासन द्वारा उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को यह जानकारी दी। शेष पेज 08 पर

## चुनावी बॉन्ड लाने की हमारी कोई योजना नहींः सीतारमण

- चुनावी बॉन्ड पर छिड़े विवाद के बीच वित्त मंत्री ने किया साफ

एजेंसियां, नई दिल्ली



चुनावी बॉन्ड को लेकर फिर से छिड़े विवाद के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि साक्षात्कार में भी उन्होंने नहीं कहा था कि चुनावी बॉन्ड लाने की हमारी कोई योजना है। उन्होंने कहा कि हमसे पूछा गया था कि क्या चुनावी बॉन्ड को लेकर आप लोग कुछ करना चाहेंगे, तो हमने कहा कि अगर इसे लेकर कुछ करना पड़ा, तो हम निश्चित रूप से इस पर विचार करेंगे कि इससे जुड़े स्टेकहोल्डर्स इस पर अपना क्या इनपुट देते हैं और निश्चित रूप से वह अभी के चुनावी बॉन्ड स्कीम से बेहतर होना चाहिए।

कई नेताओं ने सरकार पर किया था कटाक्ष : बता दें कि, एक साक्षात्कार में यह बात आई थी कि निर्मला ने फिर से चुनावी बॉन्ड लाने की बात कही है। इसे लेकर कपिल सिब्बल समेत कई नेताओं ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया था। शनिवार को निर्मला ने कहा वर्तमान का चुनावी बॉन्ड पूर्व के चुनावी दान की व्यवस्था से निश्चित रूप से अधिक पारदर्शी व्यवस्था थी। कम से कम चुनावी बॉन्ड से एक खाते से दूसरे खाते में पैसा जा रहा था। जबकि इससे पूर्व की व्यवस्था में ऐसी बात नहीं थी। सिब्बल ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा यह दावा कर रही है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शिता के लिए लाई गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया। उन्होंने कहा कि सीतारमण ने एक साक्षात्कार में कहा है कि हम लोग फिर से चुनावी बॉन्ड को लाएंगे। सिब्बल ने कहा कि सीतारमण का यह बयान सुप्रीम कोर्ट के कथन के विपरीत है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनावी बॉन्ड स्कीम पारदर्शी नहीं है और इसे अपारदर्शी तरीके से लाया गया। सिब्बल ने कहा कि अब निर्मला सीतारमण यह कह रही है कि हम चुनाव जीतेंगे और इस व्यवस्था को वापस लाएंगे। सिब्बल ने आरएसएस प्रमुख पर भी आरोप लगाया कि वह चुनावी बॉन्ड स्कीम के मामले में चुप क्यों हैं।

मालूम हो कि, चुनावी बॉन्ड को विपक्ष ने मुद्दा बनाया हुआ है। इसे भ्रष्टाचार का तंत्र बताया जा रहा है, जबकि भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई नेताओं का यह कहना था कि चुनावी बॉन्ड होने के कारण ही यह पता चल पाया कि किसने किसको कितना चंदा दिया था। पुरानी व्यवस्था में तो इसका पता ही नहीं चल सकता था। भाजपा की ओर से यह भी आंकड़ा दिया गया था कि चुनावी बॉन्ड से भी भाजपा को कुल चंदे का 37 फीसद ही मिला था। बाकी का 63 फीसद तो विपक्षी दलों को गया था।

### मोदी सरकार के नए कानूनों से सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ भी खुश, बोले

## भारत अब बड़े बदलाव के लिए तैयार

एजेंसियां, नई दिल्ली



भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मोदी सरकार के तीन नए कानूनों की तारीफ की है। सीजेआई ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के लागू होने को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। डी वाई चंद्रचूड़ ने आईपीसी और सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) को नए कानूनों से बदलने की खूब तारीफ की। विधि एवं न्याय मंत्रालय की तरफ से 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे, जब जिन लोगों पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे। कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदला गया। सीजेआई ने कहा कि इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच और अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने के लिए बहुत जरूरी सुधार पेश किए गए हैं। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

**रामगढ़ः** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शनिवार अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### आजसू पार्टी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**अनगड़ा।** नामकुम प्रखंड के सिठियो,हरदाग,सोदाग,हुडुवा,बंधुवा आदि पंचायत में ग्राम प्रभारी संगठन तैयार करते हुए आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों का समझते हुए कई गांवों का धुँवाधार दौरा करते हुए आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह,राँची जिला अध्यक्ष वीणा देवी ने किया बैठक में सभी ग्राम प्रभारियों को 28 अप्रैल को होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर मे उपस्थित होने का आग्रह भी किया गया। इस मौके पर कुदरत अंसारी, ,डी अख्तर अहमद, मशीह सोय, सोनू उराँव,आदि लोग उपस्थित रहें।

### मोनिका कुमारी बनी स्कूल टॉपर

**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद का मैट्रिक का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कुल 57 विद्यार्थियों में 28 प्रथम श्रेणी, 23 द्वीतिय श्रेणी से पास हुआ। 87.68 फीसदी अंक के साथ मोनिका कुमारी स्कूल टापर बनी। प्रियंका कुमारी 81.60 फीसदी अंक के साथ सेकेंड टापर व प्रियंसका कुमारी 81.20 फीसदी अंक के साथ थर्ड टापर बनी। स्कूल के प्राचार्य सेवाराम महतो ने सभी को शुभकामनाएं दी है। सेवाराम महतो ने बताया कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद की प्रबंध समिति का पुर्नगठन किया गया। अध्यक्ष बिगेश्वर महतो, सचिव जितेन्द्र उरांव व कोषाध्यक्ष अनगड़ा जीपी हाई स्कूल से संध्या कुमारी ने 89.60 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर रही राहुल कुमार 89.20 अंक लेकर दूसरे व रिया कुमारी 88.60 फीसदी अंक लेकर तीनों स्कूल टॉपर रहे ।

### रातू के स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**रातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक 2024 की परीक्षा मे सीएन राज+2 हाई स्कूल की सिद्धि कुमारी 94%, संजलो कुमारी 90%, खुशबू कुमारी 89.80%, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की श्रेया कुमारी 92.20%, पूनम कुमारी 87.20%, सौम्या कुमारी 85.60%, महारानी प्रेम मंजरी गर्ल्स हाई स्कूल की अंजली कुमारी 84.40%, नहीद खातून 83.80%, तन्नू श्री 83.60%, विद्या मन्दिर इंग्लिश स्कूल, ए.पी.ई.जी. आवासीय विद्यालय, आदिवासी बाल विकास विद्यालय, लॉरेंस हाई स्कूल, बेथनी कॉन्वेंट स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा।

### झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया का ऐतिहासिक मंडा पूजा शनिवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व भोक्ताओं ने धुआंसी, लोटनसेवा आदि अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि जागरण में बंगाल से आये महिला व पुरुष ग्रुप के छऊ नृत्य कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।देर रात फुलखुंदी के दौरान हर-हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच पुजारी सुरेश देवघरिया के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर चलकर शिवभक्ति का परिचय दिया । शनिवार की सुबह भोक्ताओं ने लकड़ी के लठे पर झुलते हुए निचे खड़े श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फुल बरसायें , इस दौरान पुष्प लेने की होड़ देखी गई। वहीं झुलन के दौरान जिप सदस्य हिंदींया टोप्पो , पुर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज समेत कई लोग शामिल हुए ।

# लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

- लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई निर्धारित

**संवाददाता**

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के सफल तथा स्वच्छ आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की वही इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों से लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता सहित अन्य विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर 20 मई 2024 यानी मतदान की तिथि के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक सुनिश्चित कराने को लेकर व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया । उपायुक्त ने सीएसआर समिति की बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों/ प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय तथा लगातार संपर्क में रहकर आवश्यकता अनुसार संबंधित अधिकारियों को सहयोग देने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता व नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की द्वारा निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण विषयों, मतदाता जागरूकता आदि को लेकर आवश्यक जानकारियां सभी को दी गई। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्तज जिला स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## रामगढ़ में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, बिजली का तार जब्त



**रामगढ़।** पुलिस ने शनिवार को बिजली का तार चोरी करने के दो आरोपितों को कुजू ओपी क्षेत्र में हाईवे पर गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी का बिजली तार भी बरामद कर लिया। इस संबंध में रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वेस्ट बोकारो क्षेत्र से बिजली विभाग का एल्युमिनियम का तार अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। तत्काल कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान शुरू किया गया। टीम ने कुज्जू क्षेत्र में नया मोड़ मुख्य सड़क के पास टैम्पो (जेएच-24 सी-4145) पर प्लास्टिक के छह बोरे में एल्युमिनियम का विद्युत तार बरामद किया। पुलिस ने टेंपो पर बैठे दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें रामगढ़ शहर के गोल पर निवासी मो. फिरोज उर्फ शेख फिरोज और भरेचनगर सांडी निवासी रोहित कुमार शामिल हैं। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि बोरे में पैक तार चोरी का है, जिसे वे घाटों से चोरी कर ला रहे थे। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## रामगढ़-हजारीबाग बॉर्डर से दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

**संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़-हजारीबाग के बॉर्डर पर हथियार के साथ घूम रहे दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा है। उन दोनों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ है। यह जानकारी शनिवार को एसपी डॉक्टर बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में सयाल पीपला सेंटर के रहने वाले राकेश कुमार उर्फ राजू और सायल शिवाजी रोड का रहने वाला प्रेम कुमार राम शामिल हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सायल क्षेत्र में पुलिस जांच अभियान चलाकर पकड़ा। दोनों आरोपित हजारीबाग जिले के उरिमरी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। एसपी ने बताया कि राकेश कुमार उर्फ राजू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गढ़वाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की हथौड़ी गांव का रहने वाला है। प्रेम राम रांची जिले के कांके चौक सरना स्थल का रहने वाला है। दोनों पतरातू थाना क्षेत्र में रहकर अक्सर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते रहे हैं। राकेश के पास से देसी रिवाल्वर मिला है। प्रेम के पास देसी कट्टा और एक कारतूस था। वे यामाहा मोटरसाइकिल (जेएच 24 एल 0461) से निकले थे। राकेश भुरकुंडा थाना क्षेत्र में पहले भी हथियार के साथ पकड़ा जा चुका है और वह जेल भी जा चुका है।

छापेमारी दल में पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भुरकुंडा ओपी के पदाधिकारी कुणाल कुमार व अन्य पुलिस बल शामिल थे।



## बंगाली नव वर्ष पर रामगढ़ में आयोजित हुई म्यूजिकल नाइट

### बंगाली समाज एकजुट हो तो मिट सकती हैं सामाजिक कुरीतियां : देवांशु साहा

**संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड में बंगाली संस्कृति ने एक अमिट छाप छोड़ी है। लेकिन आज भी कुछ सामाजिक कुरीतियों की वजह से यह समाज आगे नहीं बढ़ पा रहा है। अगर बंगाली समाज एकजुट हो तो सारी कुरीतियां दूर हो सकती हैं। यह बातें बंगाली नव वर्ष के मौके पर आयोजित म्यूजिकल नाइट के दौरान समाज के अध्यक्ष देवांशु साहा ने कही। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज शिक्षा और संस्कृति के रूप में काफी समृद्ध रहा है। इस समाज के लोगों ने पूरे देश को एक दिशा देने की कोशिश की है। आज भी यह समाज शैक्षणिक स्तर पर काफी समृद्ध है। लेकिन नेतृत्व क्षमता विकसित करना बेहद आवश्यक है।

रामगढ़ बंगोली एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के जे पी जैन मेमोरियल हॉल लायंस क्लब के सभागार में बंगला नववर्ष को लेकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन झारखंड बंगाली युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य संरक्षक सुप्रीयो भट्टाचार्या, एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर दत्ता और जिलाध्यक्ष देवांशु साहा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवांशु साहा ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बंगाली समाज के लोगों से एकजूट होने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए जागरूक हाने का भी आह्वान किया। वहीं एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर दत्ता ने भी समाज के उत्थान के लिए लोगों से सहभागिता निभाने की अपील की।




**कलाकारों ने बांग्ला संगीत से बांधा समां**

म्यूजिकल नाइट में रांची के अद्वितीय म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक आधुनिक बांग्ला गीतों व रवींद्र संगीत प्रस्तुत कर बंगाली समाज के लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं कलाकारों ने बांग्ला गीतों पर आकर्षक रंगारंग नृत्य भी प्रस्तुत किया। देर रात तक चले कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज के साथ समापन किया गया।

## हजारीबाग ने कोडरमा को 3 विकेट से किया पराजित

### पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया

**रामगढ़।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच शनिवार को ग्राउंड नंबर 2 सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में हजारीबाग बनाम कोडरमा के बीच खेला गया । कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 45.2 ओवर मे 136 बनाया और आउट हो गई। कोडरमा की ओर से पीयूष कुमार सिंह 70 रन बनाये। हजारीबाग की ओर से गेंदबाज जीवन कुमार पटेल ने 9.2 ओवर में 39 रन देकर 3 विकेट, सुरेंद्र गुप्ता ने 6 ओवर 12 रन देकर 2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हजारीबाग ने 35.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 137 बनाकर मैच तीन विकेट से जीत लिया। कोडरमा की ओर से गेंदबाज पीयूष कुमार सिंह ने 10 ओवर में 42 रन देकर 3 विकेट लिया।

मैच के अंपायर उक उजैर तथा अजमल हुसैन थे ।जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया ।मैच ऑब्जर्बर डलिया राव थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे ।रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी पंकज कुमार हजारीबाग को भेंट किया।




## बड़कागांव विधायक और आजसू नेता की लड़ाई में कूदी रामनवमी महासमिति

**रामगढ़।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और आजसू कार्यकताओं के बीच की लड़ाई में रामनवमी महासमिति कूद पड़ी है। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा शनिवार को बरकाकाना ओपी पहुंचे और उन्होंने धार्मिक कार्यक्रम में राजनीति करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस पदाधिकारियों से बात करने के बाद उन्होंने बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों रामनवमी में अवसर पर बरकाकाना में आयोजित धार्मिक मंच पर राजनीतिक होना दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस निष्पक्ष जांच करे और दोषियों पर कार्रवाई करे। महासमिति इस मुद्दे को एसपी के समक्ष भी रखेगी ताकि आगे से कभी भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों में मतभेद पैदा न हो। दीपक ने कहा कि धार्मिक मंच किसी भी राजनीतिक पार्टी का अखाड़ा नहीं बनना चाहिए। आयोजन समिति किसी भी राजनीतिक दल और वैसे राजनेताओं का स्वागत नहीं करती जिनकी आस्था सनातन धर्म और भगवान श्री राम में ना हो। महासमिति में कई पदाधिकारी ऐसे हैं जो किसी ने किसी राजनीतिक दल से संबंध रखते हैं लेकिन उनकी आस्था प्रभु श्री राम में है। इस वजह से वह इस समिति के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करे प्रशासनः दीपक मिश्रा

**संवाददाता**

**रामगढ़ :** पिछले दिनों रामनवमी के अवसर पर बरकाकाना ओपी क्षेत्र में आयोजित धार्मिक मंच पर राजनीति होना दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात विज्ञप्ति के माध्यम से श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने शनिवार को कही । उन्होंने कहा की मैंने शनिवार को खुद अपने महासमिति के पदाधिकारियों के साथ बरकाकाना ओपी प्रभारी से मुलाकात कर पूरे घटना का निष्पक्ष जांच करने की मांग किया है। साथ ही महासमिति जल्द जिले के पुलिस अधीक्षक से मिल कर मामले की जाँच की मांग भी करेगी ताकि आगे से कभी भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों में मतभेद पैदा न हों। उन्होंने कहा की धार्मिक मंच किसी भी राजनीतिक पार्टी का अखाड़ा नहीं बनना चाहिए। कहा मंच आयोजन हर राजनीतिक दल में शामिल उन नेता और पदाधिकारियों का स्वागत करती है जिनकी आस्था सनातन धर्म और पर ही श्रीराम पर हो। उन्होंने कहा की महासमिति में शामिल हर पदाधिकारी किसी न किसी राजनीतिक दल से संबंध रखते है लेकिन उनका आस्था प्रभु राम में होना हीं महासमिति के लिए महत्वपूर्ण रखता है। उन्होंने कहा की महासमिति अभी किसी भी तरह का दोषारोपण करने वाला बयान न देकर प्रशासन के अनुसंधान रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और उसके बाद जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसको कड़ी कानूनी सजा दिलवाने की महासमिति मांग करेगी।



# खूंटी लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में

### सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक है महिला वोटरों की संख्या

- कुल मतदाता 13 लाख नौ हजार 677, इनमें आधी आबादी की संख्या 6,66,584

**संवाददाता**

**खूंटी।** हमेशा सुर्खियों में रहनेवाली जनजातियों के लिए सुरक्षित संसदीय सीट की विभिन्न विशेषताओं में एक खास है कि इस लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। खूंटी, गुमला, सिमडेगा, गुमला, रांची और सरायकेला-खरसावां इन छह जिलो में फैले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या है।

13 लाख नौ हजार 677। इनमें महिला मतदातओं की संख्या 6,66,584 और पुरुष वोटरों की संख्या है 643087। इस संसदीय क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्र में भी महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। एक भी विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है। यही कारण है कि प्रत्याशियों की जीत-हार में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसको लेकर हर राजनीतिक दल चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं का अधिक तवज्जो देते हैं।

जिला जनसंपर्क कार्यालय खूंटी से मिली जानकारी के अनुसार खरसावां विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 109761 है। वहीं इस सीट पर महिला वोटरों की संख्या 111383 है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 215101 में पुरुष मतदाता 107358 है, जबकि महिलाओं की संख्या107743 है। इसी प्रकार तोरपा में महिला वोटरों की संख्या 1000487 है, जबकि 978122 पुरुष मतदाता हैं। खूंटी विधानसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 223658 है। इनमें पुरुष मतदाता 108771 है, वहीं महिला वोटरों की संख्या 114884 है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र मे 117062 पुरुष वोटरों की तुलना में महिला मतदातओं की संख्या 124800 है। इसी जिले के कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुल 210300 में 197287 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 103013 है।

**17 संसदीय चुनाव में सिर्फ एक बार महिला को मिला संसद पहुंचने का मौका**

खूंटी संसदीय क्षेत्र में भले ही महिला मतदाताआं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक हो, पर इस संसदीय सीट पर अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा। सुशीला केरकेट्टा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला।

## श्री श्री 1008 श्री हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ में कई धार्मिक अनुष्ठान



**रामगढ़ :** श्री श्री 1008 श्री हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ बड़की डूंडी में भक्ति का बयार बह रही है। शनिवार को यज्ञ के तीसरे दिन यज्ञाचार्य अमरनाथकान्त दुबे, लव शास्त्री, मदन तिवारी, विनोद पांडेय , जनार्दन तिवारी, राहुल तिवारी, सत्यम पांडेय, अंकित तिवारी ने यजमान बने झूबर महतो, गिरधारी महतो, हीरालाल महतो, अमेरिका प्रसाद, विष्णु देव महतो, वासुदेव महतो, फूलचंद महतो, छेदी महतो, चौहन महतो, खिलेश्वर महतो, कुलेश्वर महतो, संतोष महतो, लालधारी महतो, नागेश्वर साव, अशोक कुमार महतो सपतनीक के हाथों पूजा पाठ कराया. मौके कृष्ण कुमार, टिकेंद्र महतो, प्रकाश महतो, डालचंद महतो, हीरालाल महतो, गणेश, दामोदर, वासुदेव, गोपाल, बृजलाल, विजय, कुलदीप, रोहन, घनश्याम, बालगोविन्द, खिरोधर, प्रदीप, बालेश्वर, राजेश समेत बड़ी संख्या में लोग यज्ञ को सफल बनाने में जुटे हैं।

## पद्मभूषण कड़िया मुंडा को अर्जुन मुंडा ने दी जन्मदिन की बधाई

**खूंटी।** भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने कड़िया मुंडा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। खूंटी से आठ बार सांसद, कई बार केंद्रीय मंत्री और लोकसभा के उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा अपने जीवन के 88 बसंत देख चुके हैं। उनका जन्म 20 अप्रैल 1936 को हुआ था। जन्मदिन के मौके पर कड़िया मुंडा को कई लोगों ने उनके आवास जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त

### रांची में ब्राउन शुगर के तीन कारोबारी गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के मामले में तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुकेश राय, मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से इनके पास से पुलिस ने 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोबाईल फोन, एक होंडा साइन बाइक और 20 हजार 500 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर बड़ा पुल के पास कुछ लोगों के जरिये प्रतिबंधित नशीला पदार्थ का अवैध रूप से खरीद-बिक्री किया जा रहा है।

### चुनाव की तैयारी को लेकर जुटे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा, रांची महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी बालमुकुंद सहाय सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि युवा मोर्चा ने रांची सहित पूरे झारखंड में भाजपा के अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने युवा मोर्चा से जुड़े अपने संस्मरण भी कार्यकताओं को सुनाएं और कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है। मुझे विश्वास है कि वह मोर्चा पुरे दमखम के साथ लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लिए काम करेगी। विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए काम करेगी।

### एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी आग

**रांची :** रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली स्थित एएसपी निशा मुर्मू के घर में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गयी। हालांकि अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अगलगी की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग का तीन वाहन पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि आंकलन के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग को बुझा लिया गया है। कितने का नुकसान हुआ इस संबंध में अबतक लिखित कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### 108वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में हुआ सम्पन्न

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में एवं गिरिश अग्रवाल सरिता अग्रवाल एवम परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री अग्रवाल परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के गिरिश अग्रवाल सरिता अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल ज्योति अग्रवाल रोहित अग्रवाल रेणु अग्रवाल रामचंद्र अग्रवाल स्वेता अग्रवाल ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

# पशुपतिनाथ मंदिर कांके से निकली भव्य कलश यात्रा




संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 20 अप्रैल से शुरू हुआ। पहले दिन शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकली, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। मंदिर परिसर से सुबह 7 बजे निकली कलश यात्रा कांके ब्लॉक चौक होकर जुमार नदी होचर की तरफ गई। वहां से सभी श्रद्धालुओं ने जल भरकर वापस मंदिर परिसर आकर कलश स्थापित किया। कार्यक्रम के संयोजक पंकज वत्सल ने बताया कि कलश यात्रा का नेतृत्व पांच तपस्वी यजमान जोड़ी- डॉ दयानंद तुरी एवं डॉ नरगिस कुमारी, डॉ सरोज ठाकुर एवं डॉ नंदनी कुमारी, रामप्रीत सिंह एवं शान्ति देवी, प्रभात कुमार एवं रेणु देवी तथा विजय रामानंदी एवं गीता कुमारी ने किया।

इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देने के लिए रांची सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर, देवेंद्र स्वामी, बिन्दु भूषण दुबे, जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्र संयोजक संदीप उरांव, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, भारतीय मजदूर संघ के प्रांत संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, वीएचपी के प्रांत गोरक्षा प्रमुख गिरजा शंकर पांडेय और पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त भी उपस्थित थे।

कलश यात्रा में बीएयू के शिक्षकों, कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के अलावा होचर, हुसीर, संग्रामपुर, दुबलिया, अरसंडे, सुकुरहुट्टू, पिठौरिया, पतराटोली, चूड़ी टोला, सेमर टोली,कांके, कदमा सहित एक दर्जन गांवों तथा रांची शहर के लोगों ने भाग लिया। साढ़े तीन किलोमीटर की यात्रा से लौटने पर मंदिर परिसर में सबके लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

कलश यात्रा के बाद यज्ञशाला में वरुण पूजन एवं पंचांग पूजन और अपराह्न में हवन एवं आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। समस्त वैदिक अनुष्ठान पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में सात सदस्यीय ऋत्विक मंडली द्वारा संपन्न किए जा रहे हैं।

ऋत्विकों में आचार्य (डॉ) विमलेश द्विवेदी एवं आचार्य अतुल तिवारी (प्रयागराज), आचार्य अभिषेक पांडेय (वाराणसी), पंडित सुशील पांडेय (आरा), आशीष त्रिपाठी शास्त्री (मोतिहारी) तथा पंडित मृत्युंजय तिवारी (औरंगाबाद) शामिल हैं।

कलश यात्रा के आयोजन में डॉ आनंद कुमार सिंह, धर्मेंद्र रावल, मृत्युंजय कुमार सिंह, भारती कुमारी, संगीता विजया, सीता देवी, अमरजीत पासवान, विशु कुमार, संदीप उरांव, कन्हैया पासवान, रंजीत पासवान, चंद्रदीप कुमार, निखिल कुमार, दिव्यांश पांडेय, मिथिलेश यादव, सोनू कुमार, विकास विश्वकर्मा, सोनी लिंडा, करिश्मा गाड़ी आदि कई सक्रिय भूमिका रही।

शाम में कृषि विहार, अरसंडे की शिव चर्चा मंडली ने गायिका अंशु झा के नेतृत्व में भजन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

रविवार को सुबह 6 बजे से 9 बजे तक वेदी पूजन, अरणिमंथन (काष्ठ के घर्षण द्वारा अग्नि पैदा करने की क्रिया), अग्नि स्थापन एवं कर्मकुटी अनुष्ठान का कार्यक्रम है। अपराह्न में पूजन, हवन एवं आरती के पश्चात एकल कथाकार योजना की प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री संगीता किशोरी एवं टीम द्वारा भजन संध्या का आयोजन है।

## सेन्टेवीटा अस्पताल में मॉक ड्रिल आग से बचाव की मिली जानकारी



संवाददाता

**रांची।** झारखंड अग्निशमन विभाग ने 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के मौके पर सेन्टेवीटा अस्पताल में शुक्रवार को मॉक ड्रील का अयोजन किया। अग्निशमन दल के कर्मियों ने आपातकालीन स्थिति में संस्थान के कर्मचारियों की सजगता और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग को देखा। अस्पताल कर्मियों की तत्परता को देखकर फायर स्टेशन अधिकारी राजेंद्र राम संतुष्ट हुए। मॉक ड्रिल का नेतृत्व राजेंद्र राम (अग्नि शमन पदाधिकारी) ने किया। अनिल कुमार तिवारी (प्रधान अग्नि चालक), सुरेश्वर उरांव ने आग से बचाव संबंधी जानकारी भी दी। मालूम हो कि अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 को फोर्ट स्टीकेन जहाज में आग लगने पर राहत कार्य करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीरों की याद में हर वर्ष 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' मनाया जाता है।

इस अवसर पर स्टेट फायर ऑफिसर जगजीवन राम, फायर स्टेशन ऑफिसर जीतेंद्र तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गो सेवा

**रांची :** रांची समर्पण शाखा ने हर एकादशी गो सेवा करने का मानस बनाया है। जिसकी तहत आज शाखा ने एकादशी के शुभ दिन पर गो सेवा की जिसमें अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में आज दिनांक 20 अप्रैल हरमू रोड़ गोशाला में गो सेवा की गई। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां की। मौसम को देखते हुए गो माता को खीरा और हरी सब्जियां खिलाया गया। इसमें सभी बहनों ने साथ दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा संथोलिया, डोली बंसल, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा तोदी मौजूद थी।

## अग्रवाल सभा सामाजिक एवं जनसेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रही : ओम प्रकाश अग्रवाल



संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन भवन मे बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह मे बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने फीता काटकर एवं श्रीफल फोड़कर की ।तत्पश्चात अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री गणेशजी एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प एवं प्रसाद चढ़ाकर सभागार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता ओमप्रकाश अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा अग्रवाल सभा विगत कई वर्षों से जनसेवा, कल्याणकारी, रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यों को कर एक उत्कृष्ट पहचान बनाई है। तथा बेहतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। तथा महाराजा अग्रसेन भवन को भी पूर्ण सुविधा युक्त बनाया है। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रसेन भवन के आधुनिकरण हेतु निरंतर प्रयत्नशील है, इसी क्रम में भवन के आधार तल्ला मे एक बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण कराया गया है। तथा और भी कई जन उपयोगी कार्य कराए जा रहे हैं। समारोह की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की संचालन- अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने तथा धन्यवाद- ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने की। कार्यक्रम मे सभी आगंतुक अतिथियों एवं अग्रसेन भवन के सभी कर्मियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार,प्रमोद कुमार अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कमल खेतावत, संजय सर्राफ, कौशल राजगढ़िया, नरेश बंका, मनोज रूईया, शिवकुमार भावसिंहका, सुनील पोद्दार, राजकुमार मित्तल, विनोद टिबडेवाल ,सुरेश चौधरी, जितेश अग्रवाल, सुरेश पोद्दार, सौरभ बजाज, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आदिवासियों के अधिकार पर डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

## नालसा के 10 स्कीमों की दी गयी जानकारी




संवाददाता

**रांची :** झालसा के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा ईटकी प्रखण्ड के मलटी गांव में आदिवासियों के अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी देवी, सतिश कुमार, उमेश कुमार, रीना लिंडा, रेनु देवी एवं राजा वर्मा, उपस्थित थे। एलएडीसी चीफ ने आदिवासियों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों को मिलने वाले अधिकारों के बारे में विसतार से बताया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में भी विस्तार से बताया। डालसा टीम के पीएलवी ने लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। इसके अलावा प्रवीण श्रीवास्तव एवं उपस्थित पीएलवी ने ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेबी देवी, सतीश एवं उमेश ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

ज्ञात हो कि आगामी 13 जुलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी।

## डीएवी हेहल के बच्चों को दी गयी कृमिनाशक दवाई



संवाददाता

**रांची :** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में बेरोजगार कल्याण संघ,राँची व झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को चरणबद्ध क्रम में कृमिनाशक दवाई 'एल्बेंडाजोल' की प्रथम खुराक खिलाई गई,ताकि बच्चों को कृमि से होने वाली बीमारी से बचाया जा सके। बताते चलें कि झारखण्ड में 19 अप्रैल को हर वर्ष कृमिनाशक दिवस मनाया जाता है। इसी जागरूकता अभियान के तहत डीएवी हेहल के बच्चों को कृमिरोधक दवाई का सेवन कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी श्री एस० के० मिश्रा ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी,कच्चा और दूषित भोजन,अधिक मिठाई और जंक फूड का सेवन करने से होता है।अतः अभिभावकों को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने बच्चों को साफ-सुथरा एवं पौष्टिक भोजन ही दें, जिससे वे हमेशा स्वस्थ रह सकें और उनकी पढ़ाई अबाध गति से चलती रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावकों से अनुमति प्राप्त बच्चों ने दवाई का सेवन किया और स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजगता दिखलाई। बेरोजगार संघ की ओर से अनिता जायसवाल व उनकी सुयोग्य कर्मियों की टीम मौजूद थी, जो बच्चों को दवाई खिला रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका अजंता कुमारी एवं शिक्षक राकेश निगम,सलिल सहाय की महती भूमिका रही।

## सीसीएल : आईएसटीडी के दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन



संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में 'सतत विकास के लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए मानव संसाधन को सशक्त बनाना' विषय पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) के पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का 20 अप्रैल को समापन हुआ। कांफ्रेंस तीन सत्रों में हुआ।

प्रथम सत्र में प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन पर चर्चा हुई। बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने मानव संसाधन में प्रतिभा प्रबंधन पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) संजीव शेखर ने विषय विशेष पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर वैष्णवी जगदीश साहू ने सबके सम्मुख रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। इस सत्र के समन्वयक पूर्व महाप्रबंधक (सेल) डॉ. हरिहरन थे।

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता मेकॉन के निदेशक (तकनीकी) अमित राज ने की। इस सत्र में मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम पर चर्चा हुई। इस सत्र में सुजुकी के मानव संसाधन के प्रमुख मुशर्रत हुसैन एवं टाटा कंसल्टेंसी के शरत चंद्रा ने व्याख्यान प्रस्तुत की। डॉ. कुमार मोहित स्प्रिंग ने विशेष रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।

तृतीय सत्र की अध्यक्षता हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व सीएमडी अरुण कुमार शुक्ला ने की। इस सत्र का विषय 'स्थिरता और घातीय वृद्धि' था। इस सत्र में आईआईसीएम की कार्यकारी निदेशक डॉ. कामाक्षी रमन और डॉ. रोहित कुमार ने सम्बंधित विषय पर व्याख्यान दिए।

कार्यक्रम के समापन समारोह में झारखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डी.के. सिंह, राष्ट्रीय ट्रेजरर (आईएसटीडी) एन. पाणी और सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे।

हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन का उद्देश्य मानव संसाधन विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में आ रहे तकनीकी परिवर्तनों से प्रतिभागियों को अवगत कराना था। सभी प्रतिभागियों को इस दो दिवसीय सम्मेलन के व्याख्यान एवं रिसर्च पेपर प्रस्तुतीकरण से निश्चित रूप से लाभ होगा। उन्होंने आगे कहा कि तकनीकों के इस्तेमाल के बावजूद भी सफलता के लिए ह्यूमन टच जरूरी है।

इस सम्मेलन में विभिन्न कंपनियों के प्रतिभागियों और रांची के शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने शिरकत की। व्याख्यान के दौरान सीसीएल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जस्टडायल रांची के व्यवसायों को विकसित होने में कर रहा सपोर्ट




संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची पूर्वी भारत के प्रमुख ओद्योगिक शहरों में से एक है। तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था, विभिन्न ओद्योगिक सेक्टरों और सरकारी और निजी कंपनियों की मौजूदगी के चलते रांची व्यवसाय एवं इनोवेशन के वाइब्रेन्ट हब के रूप में उभरा है। जस्टडायल रांची के व्यवसायों को विकसित होने में सपोर्ट कर रहा है।

शहर में 71,489 रजिस्टर्ड एमएसएमई हैं, जो अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। झारखंड एमएसएमई प्रोमोशन पॉलिसी-2023 के अनुरूप जस्ट डायल व्यवसायों को अपना विस्तार करने और सफलता हासिल करने में सक्षम बना रहा है। अपने प्लेटफॉर्म और रिसोर्सेज का उपयोग कर जस्टडायल रांची के व्यवसायों को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ता है। उनके विकास को गति प्रदान करता है।

## संक्षिप्त

### लेटरल एंट्री डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में नामांकन शुरू

**गुमला :** गुमला पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश शुरू हो गया है। यह उन छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है जिन्होंने गणित के साथ इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया है या मान्यता प्राप्त संस्थान से आईटीआई पूरा किया है और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने में रुचि रखते हैं, वे सीधे गुमला पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले कर केवल दो वर्ष में कनिष्ठ अभियंता बनने की पात्रता पा सकते। आज के तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में, इंजीनियरिंग का क्षेत्र रोजगार की अपार संभावनाएं प्रदान करता है, और गुमला पॉलिटेक्निक इच्छुक छात्रों को उनके करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सुलभ अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित है।

### रांची की टीम ने वेस्ट सिंहभूम की टीम को 6 विकेट से हराया

**गुमला :** जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गये मुकाबले में रांची ने वेस्ट सिंहभूम को छः विकेट से पराजित किया। टॉस जीत कर रांची ने पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। अच्छी शुरूआत के बावजूद वेस्ट सिंहभूम की पूरी टीम 36ओवरों में 137रनों पर सिमट गयी। टीम की ओर से आर्यन राणा ने सर्वाधिक 35रनो की पारी खेली। अंजनी कुमार यादव ने 24, एन कार्तिक 18व कृपा सिंधु ने 13रन बनाये ' रांची की ओर से बेहतरीन गेंदबाजी करते तौहिद अयम ने पांच विकेट अर्जित किये। काजी मोहमदद ने पैनी बोलिंग करते महज 12रन देकर तीन विकेट हासिल किया। लक्ष्य के पीछा करने उतरी रांची की टीम ने 27.1ओवरो में चार विकेट के नुकसान पर विजयदायी आंकड़ा छू लिया। रांची के मनमीत सागर ने 42, अनुराग के नाबाद 42 व आदित्या लाल के 16रनो के योगदान के बदौलत टीम ने सहज जीत दर्ज किया। वेस्ट सिंहभूम की ओर से प्रिंस महाराणा, प्रिंस कुमार यादव, बासुदेव सुंडी व इरफान ने एक -एक विकेट अर्जित किये। गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रांची के तौहिद प्लेयर ऑफ द मैच बने ' जे एस सी ए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह के साथ टी आर डी ओ पप्पू सिंह, अंपायर मनोरंजन कांजीलाल, हेमंत ठाकुर के मैन ऑफ द मैच तौहिद को पांच हजार कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

### स्टीफन किंडो 22 अप्रैल को करेंगे नामांकन

**गुमला :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार स्टीफन केंदो 22 अप्रैल 2024 को गुमला जिला निर्वाचन आयोग कार्यालय में नामांकन दाखिल करेंगे। गुमला जिला अध्यक्ष सीता राम उरांव ने बताया कि करौंदी बगीचा गुमला में हजारों की संख्या में आंदोलनकारी जुड़ेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी बसंत लोंगा , झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की , आंदोलनकारी स्टार प्रचारक सरोजिनी कच्छप ,सज्जाद अनवर भी उपस्थित रहेंगे। आंदोलनकारी बड़ी संख्या में परंपरागत वाद्य यंत्रों के साथ झूमते नाचते गाते जिला निर्वाचन कार्यालय तक अपने प्रत्याशी स्टीफन किंडो को लेकर जाएंगे।

### सेंदरावीरों को आदिवासी छात्र संघ ने कराया जलपान

**घाटशिला।** आदिवासी परंपरागत मुगार्घुटू (मुड़ाठाकरा) में आयोजित पावड़ा बुरा गिरा सेन्दारा में आदिवासी छात्र संघ की ओर से संघ के महासचिव सालखु हेम्ब्रम के नेतृत्व में जंगल से लौट रहे सेन्दारा वीरों को खानपान एवं ठंडे शरबत का वितरण किया गया। शनिवार को रामाटंडी ( कदावानी) में दिया गया। सलखु हेंब्रम ने बताया कि आदिवासी परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष जंगल में गांव के लोग शिकार करने जाते हैं।

# 100 फीसदी रहा ज्ञान ज्योति विद्यालय गम्हरिया के मैट्रिक का रिजल्ट

संवाददाता

**आदित्यपुर।** ज्ञान ज्योति विद्यालय गम्हरिया का मैट्रिक का रिजल्ट 100 फीसदी रहा है। जैक बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी माना को 89% मिला है जबकि तनु कुमारी 87% एवं दीक्षा प्रधान ने 86% अंक लाकर विद्यालय की दूसरी व तीसरी टॉपर बनी है। जैक बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में ज्ञान ज्योति विद्यालय से 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था। सभी छात्र अच्छे अंकों से सफल घोषित किए गए हैं। 35 छात्र को 75% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। जबकि 2 छात्र को 55% अंक मिले हैं। इस परीक्षा परिन पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। विद्यालय के निदेशक श्रीराम यादव ने सभी छात्रों के सुनहले भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया है।



**आदित्यपुर :** श्रीराम इंग्लिश हाई स्कूल के छात्रों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आदित्यपुर के श्रीराम इंग्लिश हाई स्कूल का झारखंड माध्यमिक बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। बता दें कि इस वर्ष झारखंड माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय के कुल 677 छात्र -छात्राओं ने हिस्सा लिया था और सभी सफल हुए हैं। इस स्कूल के 525 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन अंक से सफलता प्राप्त की है। जबकि 101 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है। वहीं 45 विद्यार्थियों को तृतीय श्रेणी हासिल हुआ है। स्कूल के प्रथम टॉपर मो फहीम को 90. 4% अंक मिले हैं। वहीं 90 फीसदी अंक प्राप्त कर ऋषभ कुमार सिंह द्वितीय टॉपर बने। विद्यालय का प्रथम टॉपर मो। फहीम पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई कर आईएएस बनना चाहता है। जबकि द्वितीय टॉपर ऋषभ कुमार सिंह आगे साइंस से इंटरमीडिएट कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर सफल इंजीनियर बनना चाहता है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं विद्यालय के सभी कुशल शिक्षकों को देते हैं। शत-प्रतिशत सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं कर्मठ शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दिया है। गायत्री शिक्षा निकेतन के छात्रों का रिजल्ट शत-प्रतिशत आदित्यपुर के गायत्री शिक्षा निकेतन उच्च स्कूल का झारखंड माध्यमिक बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। बता दें कि इस वर्ष झारखंड माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय के कुल 121 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया था और सभी सफल रहे हैं। इस स्कूल के 112 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन अंक से सफलता प्राप्त की है। जबकि 9 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है। 90% अंक प्राप्त कर मुस्कान कुमारी विद्यालय का प्रथम टॉपर बनी, वहीं 88% अंक प्राप्त कर लालटू गोप द्वितीय टॉपर और कंचन कुमारी खुशी महतो एवं दीपाली महतो ने संयुक्त रूप से 87.4% अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। जबकि 87.2% अंक प्राप्त कर निशा कुमारी ने चतुर्थ टॉपर एवं 86.8% अंक प्राप्त कर निशा कुमारी महतो ने पंचम टॉपर बनने का सौभाग्य प्राप्त किया है। विद्यालय का प्रथम टॉपर मुस्कान कुमारी मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है। द्वितीय टॉपर लालटू गोप कड़ी मेहनत कर आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर सफल इंजीनियर बनना चाहता है। तृतीय टॉपर कंचन कुमारी आगे चलकर आईएएस बनना चाहती है एवं दीपाली महतो आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती है। चतुर्थ टॉपर निशा कुमारी आगे इंजीनियरिंग का पढ़ाई करना चाहती है । पंचम टॉपर पंचम टॉपर निशा कुमारी आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती है।

सभी अपनी अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं विद्यालय के सभी कुशल शिक्षकों को देते हैं। शत-प्रतिशत सफलता के लिए विद्यालय के सचिव इंजीनियर सत्यप्रकाश सुधांशु ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं कर्मठ शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

# कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

संवाददाता

**लातेहार :** जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषक एवं कृषक मित्र तथा प्रखण्ड स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को अमृतेश कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी एवं डॉ० दिवेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, आत्मा के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र



दिया गया।इस कार्यक्रम में प्रखण्डों में कार्यरत 10 कृषक मित्रों को पुरस्कार के रूप में मोबाईल प्रदान किया गया। साथ ही प्रखण्ड चन्दवा में कार्यरत रामनाथ यादव, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, चन्दवा में प्रथम मनीष कुमार पाण्डेय, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बालुमाथ को द्वितीय पुरस्कार एवं देवलाल राम, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बरवाडीह को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।वहीं सविता उरॉव, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, चन्दवा को कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। साथ ही समीम अंसारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, बालुमाथ को प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।जबकि ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक मित्रों के बीच पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया जिसमें प्रथम विनोद कुमार चौधरी, ग्राम-पकरार, पंचायत-आरागुण्डी, प्रखण्ड लातेहार को, द्वितीय बीरबल प्रजापति, ग्राम पंचायत प्रखण्ड-बालुमाथ को एवं तृतीय जहेन्द्र उरॉव, ग्राम-पुरनीअरमू, पंचायत-धांगरटोला, प्रखण्ड गारू को प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने प्रगतिशील कृषकों के बीच पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र का वितरण किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार बीरबल उरॉव, ग्राम-खरटिया, पंचायत-धाधु, प्रखण्ड बालुमाथ को, द्वितीय पुरस्कार रामलाल उरॉव, ग्राम-जड़ेयांग, पंचायत-आरागुण्डी, प्रखण्ड लातेहार को तृतीय पुरस्कार इन्द्रजीत कुमार सिंह, ग्राम-लाटु, पंचायत-फुलसू, प्रखण्ड बारियातु को प्रदान किया गया।

## नये मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर लगाया गया विशेष कैंप

संवाददाता

**लातेहार :** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवा और नए मतदाताओ के पंजीकरण हेतु गांधी कॉलेज ,बनवारी साहू ,कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज लातेहार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने बताया की उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार मिश्र नोडल पदाधिकारी डॉ0 विशाल शर्मा, आभा केरकेट्टा, असफाक पॉलीटेक्निक कॉलेज लातेहार गांधी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य दशरथ साहू ,व्याख्याता बबलू सिंहा ,बनवारी साहू कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप तिवारी, अनुपम मिश्र ,बैजनाथ महतो ,किशोर प्रसाद ,बीएलओ सुनीता देवी, सविता देवी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पर्यवेक्षक ने बताया की इस शिविर में लगभग 15 प्रपत्र छः प्राप्त किए गए साथ ही क्विज के विजेता को पुरुस्कृत भी किया गया। विजेताओं में आयन कुमार ,नीरज कुमार, अभिजीत कुमार, प्रिया कुमारी ,सौरभ कुमार ,अल्पना हांसदा, आदि ने कहा कि लोक तंत्र को मजबूत करने के लिए हम सभी अपना अपना मतदान जरूर करेंगे।

## पुलिस ने पीएलएफआई नक्सलियों को किया गिरफ्तार

■ दो एके 47 और 50 हजार रुपये के साथ भारी मात्रा में गोली किया जब्त



संवाददाता

**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस ने पीएलएफआई के दो नक्सली को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो एके-47 राइफल, भारी मात्रा में कारतूस, 50 हजार रुपये नकद आदि सामान जब्त किया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 19 अप्रैल को सूचना मिली कि गोईलकेरा थाना के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम पिता कजरू हेम्ब्रम अपने दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है। उसके गोईलकेरा/आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने और ठेकेदारों से लेवी मांगने की सूचना मिली थी। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम में सैट- 57 के सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा गोईलकरा थाना क्षेत्र के चिटिर पहाड़ी क्षेत्र के आस-पास में 19 अप्रैल को अभियान चलाया। इस क्रम में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम (पे०-कजरू हेम्ब्रम) एवं साथी सदस्य बिरसा खंडाइत को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया।

उनके पास से दो एके-47 राईफल, तीन एके-47 मैगजीन, 88 राउंड एके-47 गोली, 50,000 रुपये, लेवी की रसीद, 315 बोर रायफल की 30 राउंड गोली, एक हीरो मोटरसाईकिल और 6 मोबाईल फोन जब्ति किया गया।

## चौपारण प्रखंड के दर्जनभर गांवों का तूफानी दौरा

संवाददाता

**हजारीबाग :** चुनावी गर्मी के साथ हजारीबाग का तापमान भी बढ़ने लगा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बिहार-झारखंड बॉर्डर चौरदाहा चेकपोस्ट पर शनिवार को तापमान भट्ठी की तरह गर्म रहा। इस प्रचंड गर्मी में गर्म हवा के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य इस क्षेत्र के नेताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं संग अपना जनसंपर्क अभियान शुरू किया। शादी-लग्न, क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजन और महुआ चुनने का समय होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और मतदाता ने तादाद में उपस्थित होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सुना और उनके समर्थन में मतदान करने का उन्हें भरोसा जताया। मनीष जायसवाल ने इस दौरान बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित करीब 11 पंचायतों के दर्जनभर से अधिक गांवों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने चोरदाहा, चौपारण, सियरकोनी, यवनपुर, चयकला, दादपुर, बेड़ना, बेला, राणिक, झापा, चैथी, पपरो, करमा, बहेरा और मानगढ़ का चुनावी दौरा किया। इस दौरान महाराजगंज चौक पर सैकड़ों



बाइक जत्थे के साथ गर्मजोशी से मनीष जायसवाल का भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने अभूतपूर्व स्वागत किया और यहां से जुलूस की शक्ल में काफिला नारा जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ा। ग्राम पंचायत चयकला में ग्रामीणों ने 51 किलो के विशाल माला से अभिनंदन कर पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। ग्राम दादपुर में जनसंवाद के दौरान जैक के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में प्रखंड टॉपर बने छात्र अनिकेत सिन्हा और उनके स्कूल मॉडर्न स्कूल, दादपुर के शिक्षकों का मनीष जायसवाल और मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर हौसलाअफजाई किया। तूफानी दौरे के क्रम में हरेक गांवों और क्षेत्र में ग्रामीणों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गाजे-बाजे, ढोल-तासे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर जबरदस्त स्वागत किया ।

चौपारण प्रखंड के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा की हिंदुस्तान का मान- सम्मान और अभियान नरेंद्र मोदी हैं इसीलिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाए । उन्होंने कहा की कांग्रेस के 62 साल के तुलना में मोदी सरकार का 10 साल भारी है। उन्होंने यह भी कहा की मैं मन से नेता नहीं सेवक हूं और सेवा के भाव से ही राजनीति में आया हूं। आशिर्वाद दें अपने सेवा को विस्तार दूंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को नई बुलंदी तक पहुंचाऊंगा ।

मनीष जायसवाल के समर्थन में चल रहें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष जायसवाल जैसे सुलभ, मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व को ही अपना सांसद चुनें। उन्होंने कहा की मनीष जायसवाल गरीबों के मसीहा हैं और जनता के हर सुख-दुख में सहभागी बनकर उनके साथ रहते हैं।

## राहुल का नारा जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी का नहीं हुआ पालन : मोहम्मद सगीर

संवाददाता

**धनबाद ।** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद सगीर अंसारी ने कहां कि झारखंड में 14 लोकसभा सीट है और यहां मुसलमानों की आबादी 50 लाख से अधिक होने के बावजूद इंडिया गठबंधन के द्वारा एक भी सीट पर मुसलमान को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नारा दिया के जिसकी जितनी भागीदारी( आबादी ) उसकी उतनी हिस्सेदारी इस नारे का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे प्रदेशों में भी मुसलमान प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया जिससे इंडिया गठबंधन के प्रति अल्पसंख्यकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में मुसलमान को अछूत समझा जाने लगा है चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सब के सब मुसलमान को सिर्फ वोट देने वाली मशीन समझ कर रखा है। भाजपा मुसलमान को टिकट नहीं देती है यह तो जग जाहिर है मगर इंडिया गठबंधन में भी मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं देना यह समझ से बाहर है।उन्होंने कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट में से अधिकांश सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।



अगर इंडिया गठबंधन इस पर गहन विचार विमर्श नहीं करती है तो आने वाले चुनाव में भी इसका असर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव भी होना है इसलिए मैं इंडिया गठबंधन के वरीय नेताओं से अनुरोध करता हूं के झारखंड के 14 लोकसभा सीट में से कम से कम एक सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी घोषित किया जाए।उन्होंने कहा कि जब से गोड्डा में प्रत्याशी घोषित किया गया है उसी दिन से ही लगातार वहां विरोध का स्वर बढ़ता ही जा रहा है और कांग्रेस कार्यकर्ता भी जमकर विरोध कर रहे हैं। वहीं बोकारो धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भी नेताओं द्वारा इस्तीफा दिए जाने का सिलसिला जारी है। इसलिए राहुल गांधी द्वारा दिए गए नारा का पालन किया जाए और जिसकी जितनी भागीदारी( आबादी ) उसकी उतनी हिस्सेदारी को लागू किया जाए।

# मंत्रोच्चारण कर ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मनायी गयी महावीर जयंती

संवाददाता

**कोडरमा :** बचपन प्ले स्कूल अ यूनीट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में स्वामी महावीर जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या, सभी संयोजक - संयोजिका, शिक्षक - शिक्षिकाओं और सेकेंडरी सेक्शन के सभी जैन समुदाय के बच्चे एवं छात्र - छात्राओं ने स्वामी महावीर जी की मंत्रोंच्चारण कर प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सुसज्जित करने के लिए कक्षा सातवीं के तविसी जैन ने भगवन महावीर जी का जन्म ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुण्डग्राम में इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ था। ग्रंथों के अनुसार उनके जन्म के बाद राज्य में उन्नति होने से उनका नाम वर्धमान रखा गया था। कक्षा सात के आरव हिसारिया ने आकर्षक तरीके से महावीर के मुख्य उपदेशों को बताते हुए कहा कि महावीर की मुख्य शिक्षाएँ निम्नलिखित हैं - जो लोग सत्य जानना चाहते हैं, उन्हें अपना घर छोड़ देना चाहिए। सत्य के खोजी को अहिंसा के नियमों का पालन करना चाहिए। सरल एवं सात्विक जीवन जियें। साथ ही साथ विद्यालय की शिक्षिका रश्मि सूद ने बताई कि महावीर जयंती को जैन समुदाय के प्रमुख संत महावीर जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। महावीर जयंती को जैन धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है जिसे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता




है। भगवान महावीर ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए हैं जो आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। विद्यालय के संयोजक सकिंदर ने स्वामी महावीर जी के बारे में बताया कि महावीर जी के अनमोल विचार किसी आत्मा की सबसे बड़ी गलती अपने असल रूप को न पहचानना है। इस गलती को केवल आत्म ज्ञान की प्राप्ति करके ही ठीक किया जा सकता है। अहिंसा ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धर्म है। शांति और आत्म-नियंत्रण अहिंसा है। सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान का भाव ही अहिंसा है। हर जीवित प्राणी के प्रति दया भाव रखना ही अहिंसा है। घृणा का भाव रखने से मनुष्य का विनाश होता है। भगवान का अलग से कोई अस्तित्व नहीं है। प्राचार्या महोदया ने बताया कि महावीर जी का कहना था कि हर व्यक्ति सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास करके देवत्व को प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ और आनंदमय है। आनंद बाहर से नहीं आता, वह व्यक्ति के अंदर ही होता है। मनुष्य स्वयं के दोष के कारण ही दुखी होते हैं, और वे अपनी गलती में सुधार करके प्रसन्न हो सकते हैं। आत्मा अकेले आती है और अकेले ही चली जाती है। न कोई उसका साथ देता है और न ही कोई उसका मित्र बनता है। असली शत्रु व्यक्ति के भीतर है, वो शत्रु हैं क्रोध, घमंड, लालच, आसक्ति और नफरत। लाखों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से बेहतर है खुद पर विजय प्राप्त करना। शिक्षक - शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को उनके बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका अर्चना चंदन, पूजा झा, सीसीए प्रभारी सदफ नाज, गुरजीत कौर, षिक्षिका सोनी गुप्ता, ईषिका नंदी, काषीनाथ कुमार, सुरज कुमार, चंदन, मुकेष कुमार, अभिनाष कुमार, देवाषीष चक्रवर्ती, जैनेंद्र कुमार पांडेय, रजनीश कुमार, मनीमाला दत्ता, अर्चना सिन्हा, विकास गुप्ता एवं विद्यालय के सभी षिक्षिकेत्तर कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

# इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा शनिवार, पारा 44 डिग्री के पार

## कल से बदल जाएगा स्कूलों का समय, डीसी ने दिया गाइडलाइन अनुपालन का निर्देश

- आम जन-जीवन का जीना दुश्वार



**11**
**किमी प्रतिघंटे रही लू की रफ्तार**

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में गर्मी अब अपने प्रचंड रूप में आ चुकी है। तापमान में दिनानुदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। इस बार की गर्मी के मौसम में शनिवार का दिन सबसे अधिक गर्म दर्ज किया गया। मौसम-विज्ञान संबंधी सूत्रों के अनुसार बोकारो में शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में जिले का तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस रहा, सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की ओर से जारी वेदर बुलेटिन के मुताबिक, शनिवार को बोकारो का अधिकतम तापमान 44 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा।

बोकारो सहित पूरे राज्य में उष्ण लहर (हीट वेव) यानी लू को देखते हुए सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश शनिवार को जारी कर दिया। इसके आलोक में बोकारो उपायुक्त विजया जाधव ने भी इस गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया है। अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 12.00 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी, परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस आदेश से स्कूली बच्चों को फिलहाल थोड़ी राहत मिल सकती है।

### अभी राहत नहीं... आज भी 44 डिग्री रहेगा तापमान

मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार, आने वाले एक-दिनों में कुछ खास राहत के आसार नहीं हैं। रविवार को बोकारो में अधिकतम 44 व न्यूनतम 26, सोमवार को अधिकतम 41, न्यूनतम 27 तथा मंगलवार और बुधवार, दोनों दिन अधिकतम 42 व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राज्य के कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, उत्तरी छोटानागपुर के बोकारो, धनबाद और रामगढ़, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के रांची पलामू प्रमंडल के गढ़वा एवं पलामू जिला तथा संथाल प्रमंडल के देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, और साहिबगंज में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है। 22-23 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात की संभावना है। राज्य के दक्षिणी भागों तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

### अप्रैल में ही जल रहा खून, क्या होगा जब आएगा जून

गर्मी के इस रौद्र रूप के कारण बोकारो जिले का आम जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम ऐसा कि मानो आसमान अंगारे बरसा रहा हो और धरती शोला बन चुकी हो। शहर में लू के थपेड़े शरीर झुलसा रहे हैं। सुबह के आठ बजे के बाद से ही लू के थपेड़े चलने लग रहे हैं। झुलसाती गर्मी की तपिश में सड़कों पर दोपहिया या पैदल चलना शोलों से गुजरकर चलने जैसा प्रतीत हो रहा है। लोग अभी से ही घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। वे दिन भर घर में दुबके रहने को विवश हैं। अनिवार्यतावश लोग निकलते भी हैं तो पूरे एहतियात के साथ मुंह बांधे। लोगों का कहना है कि अभी से ही गर्मी जब खून जला रही है तो मई और जून आते-आते क्या होगा?

### फुटपाथियों और गरीबों का बुरा हाल, एसी-कूलर की बढ़ी मांग

दूसरी तरफ, गर्मी के कारण सड़कों के किनारे फुटपाथ पर गुजर-बसर करने वाले गरीबों का भी बुरा हाल है। वहीं, दो वक्त की रोटी की खातिर मेहनतकश रिक्शाचालकों, ठेला चालकों को भी गर्मी के बावजूद काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। वहीं, गर्मी की भीषणता बढ़ने के साथ-साथ शहर में शीतल-पेय, शरबत आदि की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है, जिसे पीकर लोग राहत की सांस ले रहे हैं। वहीं फ्रिज, पंखा, कूलर, एसी की खरीदारी भी तेज होती जा रही है और इनके दुकानदारों की चांदी है। कुल मिलाकर, आने वाले दिनों में बोकारोवासियों को अभी और गर्मी का दंश झेलना पड़ेगा, जिसके लिये उन्हें तैयार रहना होगा।

---

### बोकारो थर्मल ऐश पौंड की बदहाली पर भड़के डीवीसी अध्यक्ष

## अफसरों को लगाई फटकार, दिए आवश्यक निर्देश



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** डीवीसी चेयरमैन भाप्रसे अधिकारी एस सुरेश कुमार शनिवार को अपने दौरे के क्रम में चंद्रपुरा से पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे बोकारो थर्मल नूरीनगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड पहुचे। डीवीसी चेयरमैन के साथ मेंबर टेक्निकल एम रघुराम, मुख्य महाप्रबंधक सुभाष सिंह भी थे। ऐश पौंड पहुंचने पर बोकारो थर्मल के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, वरीय जीएम एफजीडी एसएन प्रसाद ने पौधा देकर चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल का स्वागत किया। बाद में चेयरमैन अधिकारियों के साथ ऐश पौंड स्थित रिकवरी सिस्टम, सेटलिंग पौंड देखने पहुंचे। चेयरमैन एवं मेंबर टेक्निकल ने ऐश पौंड से व्यापक पैमाने पर उड़ रही छाई एवं पौंड में चारों ओर बिखरी छाई को देखकर नाराजगी जताते हुए सिविल के डीजीएम विश्वमोहन गोस्वामी सहित राहुल उरांव, पवन कुमार आदि को डांट पिलाई। चेयरमैन ने डीजीएम सिविल से पौंड की स्थिति को देखकर नाराजगी जताते हुए पूछा तो डीजीएम सिविल ने कहा कि पौंड की स्थिति बेहतर है। दोबारा पूछने पर भी जब डीजीएम सिविल ने अपनी बात दुहराई तो चेयरमैन ने उनकी बात को मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। डीजीएम सिविल ने चेयरमैन से कहा कि पौंड प्रतिदिन 25 एमएम बारिश की क्षमता को भी संभाल सकता है। मेंबर टेक्निकल ने स्थानीय एचओपी से डीजीएम सिविल को लंबी छुट्टी पर भेजने की भी बात कही। पौंड से उड़ रहे व्यापक पैमान के छाई को नियंत्रित करने के लिए चेयरमैन ने एचओपी को निर्देश दिया कि पौंड के रिकवरी पंप से गार्ड लैंडिंग पाइपलाइन के द्वारा उड़नेवाली छाई को नियंत्रित किया जा सकता है। डीजीएम सिविल द्वारा इस सिस्टम के भी सक्सेस नहीं होने की बात कहे जाने पर मेंबर टेक्निकल ने उन्हें एनटीपीसी के दूसरे प्रोजेक्टों में जाकर देखकर आने की बात कही। चेयरमैन ने स्थानीय स्तर पर ट्रैक्टरों के द्वारा ऐश पौंड पर जल छिड़काव की भी बात कही। पौंड से उड़नेवाले छाई के कारण सभी को पौंड पर ही अपने नाक पर मास्क लगाना पड़ा। उन्होंने निर्देश दिया कि पांच माह के दरम्यान पौंड पूरी तरह से खाली होती रहनी चाहिए। कहा कि वर्तमान में पौंड की जो स्थिति है, उससे लगता है कि पौंड दस दिनों में ही भर जाएगा। मेंबर टेक्निकल ने एचओपी एवं डीजीएम सिविल को निर्देश दिया कि हजारीबाग में बंद पड़े स्टोन क्वायरी में छाई फेंकने को लेकर हजारीबाग के डीएफओ, डीएमओ एवं डीसी से मिलकर पहल करें, ताकि उसमें छाई फेंका जा सके। उन्होंने पौंड से उड़नेवाली छाई पर रोक लगाने का भी निर्देश सिविल के इंजीनियरों को दिया। मौके पर डीवीसी के जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य, जीएम विद्युत एस भद्रा, डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर, वरीय प्रबंधक मैकनिकल मनीष कुमार चौधरी, सिविल अभियंता अमित कुमार, स्थानीय थाना के सअनि अरविंद मेहता, बैजून मरांडी जवानों के साथ थे।

### समय रहते पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

# बिल्डर के घर बदमाशों ने दोबारा की फायरिंग

- चास के तारानगर में हुई वारदात
- मौके से जिंदा कारतूस और खोखे बरामद, परिजन खौफजदा

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में आपराधिक तत्वों के बढ़े हुए मनोबल की एक और बानगी शनिवार को सामने आई। चास थाना क्षेत्र के तारा नगर निवासी बिल्डर विनोद सिंह के घर पर अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की। घटना 19 अप्रैल की रात करीब 9.30 बजे की बताई जा रही है। इस संबंध में बिल्डर ने रात में ही चास थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और एक खोखा बरामद किया। दूसरे दिन शनिवार की सुबह भी पुलिस पहुंची तो एक अन्य खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इसके अलावा, गोली का फायरिंग किया गया अगला हिस्सा बिल्डर के घर की बालकनी से बरामद किया गया है। इस संबंध में बिल्डर बिनोद ने चास पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।



**गाली देते हुए खोज रहे थे दो बदमाश**

घटना के संबंध में भुक्तभोगी बिल्डर ने पुलिस को बताया कि रात में उनकी पत्नी ने फोन कर दो लड़कों द्वारा उनका नाम लेकर गाली देते हुए उनके घर की ओर तीन राउंड फायरिंग करने की बात बताई। गाली देते हुए वे दोनों ने 50 लाख रुपए पहुंचाने और जिस जमीन पर काम कर रहा है, उसको छोड़ देने की धमकी उन्होंने दी है। घटना की सूचना मिलने पर चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार भी जांच करने बिल्डर के घर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की।

### 23 मार्च को भी हुई फायरिंग, पर पुलिस ने नहीं दिखाई संजीदगी

बिल्डर का कहना है कि उन्हें भयभीत करने के लिए 23 मार्च को भी फायरिंग की घटना की गई थी। इसकी जानकारी पिंड्राजोरा पुलिस को देते हुए लिखित शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस की ढिलाई के कारण अपराधियों ने दूसरी बार घर आकर फायरिंग की। इससे पूरा परिवार भयभीत है। बिनोद ने कहा कि इसमें फोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक चाणक्यपुरी चीराचास निवासी राजीव रंजन सिंह के इशारे पर सिवनडीह आजाद नगर निवासी शाहनवाज, राधा कृष्ण पथ चास निवासी बाबू खान, कृष्णा कोआपरेटिव कॉलोनी तेलीडीह निवासी मिथिलेश चौधरी, सेक्टर-2 के भीम पासवान व भोजपुर कॉलोनी चास निवासी सुजीत कुमार आदि फायरिंग की घटना को अंजाम दे रहे हैं। 23 मार्च को तेलीडीह टांड़ स्थित निमार्णाधीन अपार्टमेंट के पास फायरिंग कर काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया था और मजदूरों के मुंशी को मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि अगर पिंड्राजोरा पुलिस पहले ही कार्रवाई करती तो अपराधियों का मनोबल नहीं बढ़ता और घर पर आकर फायरिंग की घटना को अंजाम नहीं देते।

### बोले एसडीपीओ - दोषियों पर होगी कार्रवाई

इस संबंध में चास के अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रवीण कुमार का कहना है कि पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच कर रही है। जांच में टेक्निकल सेल का भी सहयोग लिया जा रहा है। यह मामला पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के तेलीडीह टांड़ में हुए फायरिंग से भी जुड़ा हुआ है, या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी मिलेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

---

### बोकारो थर्मल में सीआईएसएफ के राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ समापन

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट स्थित सीआईएसएफ फायर यूनिट में शनिवार को विगत 14 अप्रैल से चलाये जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन समारोह किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद मौजूद थे। इस अवसर पर एचओपी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट फायर विंग के कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा पूरे सप्ताह राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय स्कूलों,पावर प्लांट एवं ऑफिसर्स क्लब में कर आग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया तथा सभी को आग से बचाव की जानकारी दी गयी। सीआईएसएफ के इस प्रकार के कार्यक्रम से पावर प्लांट, स्कूलों एवं कॉलोनी में सुरक्षा का माहौल बनाकर लोगों एवं कॉलोनी वासियों को आग से बचाव की जानकारी दी गयी है, जो कि काफी सकारात्मक प्रयास है।

### रोटरी क्लब चास ने राहगीरों के लिए की प्याऊ की व्यवस्था

संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास ने चास में चल रही हीट वेव में राहगीरों को राहत देने की उद्देश्य से बाय पास रोड, चास में प्याऊ की व्यवस्था की। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि चास मुख्य बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण खरीददारी करने आते हैं, परंतु भीषण गर्मी में उन्हें पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। अब उन्हें परेशानी नही होगी। समाजसेवी संपतमल ने प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जन-उपयोगी सेवा के लिए रोटरी क्लब चास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक धनेश बंका ने कहा कि तेज धूप और गर्मी से परेशान लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। धनेश ने कहा कि अब राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पीने को मिलेगा और उनका गला तर होगा। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब अपने कर्तव्य का पालन कर पथिकों की सेवा कार्य कर रही है। डिंपल ने बताया कि यह अस्थाई प्याऊ गर्मी भर लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेगा?। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, मंजीत सिंह, बिनोद चोपड़ा, आनंद अग्रवाल, गणेश महतो, धनंजय शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### अवैध रुप से कोयला लदा ट्रक जब्त

**बोकारो थर्मल :** लोकसभा चुनाव को लेकर बोकारो जिला प्रशासन बेहद अलर्ट है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बोकारो डीसी विजया जाधव के निर्देश पर पूरे जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बेरमो एसडीएम अशोक कुमार द्वारा नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में छापेमारी की गई। एसडीएम ने छापेमारी में उक्त स्थान पर व्यापक मात्रा में अवैध रूप से जमा अवैध कोयला को जब्त किया। एसडीएम ने मौके से कोयला लदा एक ट्रक नंबर-बीआर 26जीए-4981 को भी जब्त किया। एसडीएम ने ट्रक को नावाडीह थाना के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम के निर्देश पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी में नावाडीह बीडीओ प्रशांत कुमार, सीओ अभिषेक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान शामिल थे।

### यौन शोषण के आरोपी को भेजा गया जेल

**बोकारो :** शादी का झांसा देकर यौन संबंध करने के आरोपी धनबाद के बरोरा थाना क्षेत्र के निचितपुर गांव निवासी परमेश्वर राय को कसमार पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में तेनुघाट जेल भेज दिया है। इस संबंध में कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने बताया कि कसमार थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ आरोपी शादी का झांसा देकर पिछले एक साल से शारीरिक संबंध बना रहा था। इससे युवती आठ माह की गर्भवती हो गई थी। जब युवती ने शादी के लिए युवक पर दबाव डाला तो लगातार टालमटोल करता रहा। युवती का जब आरोपी पर से भरोसा टूट गया तो वह थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद कसमार पुलिस धनबाद जाकर आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर कसमार थाना लाई, जहां से कागजी कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## पूर्वी सिंहभूम में जंगल बचाने आगे आए ग्रामीण असामाजिक तत्वों व वन तस्करों को दी चेतावनी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर प्रखंड केरुवाडुंगरी पंचायत क्षेत्र के तालसा-कुदादा जंगल में असामाजिक तत्वों हर दिन आग लगा दे रहे हैं। इसकी वजह से सदाबहार जंगल नष्ट हो रहे हैं। दिन में तेज हवा के कारण ग्राम वन सुरक्षा समिति के सदस्यों को आग बुझाने में काफी परेशानी हो रही है।जंगल लगातार जल रहे हैं। इससे जंगल व वन्यजीव प्रभावित हो रहे हैं। हर दिन हो रही अगलगी से परेशान होकर ग्राम वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने पहाड़ी की ओर जाने वाले हर रास्ते में सूचना पट्ट लगाकर लोगों को आग नहीं लगाने की चेतावनी दी है। हालांकि, चेतावनी के बावजूद जंगल में आग लगने की घटना कम होने का नाम नहीं ले रही है।

**ग्रामीणों ने सुबह-शाम गश्ती करने का लिया फैसला :** तालसा-कुदादा पहाड़ी से सटे विभिन्न गांवों के प्रमुख व ग्राम वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने जंगल को असामाजिक तत्वों से बचाने के लिए सामूहिक बैठक की। इसमें निर्णय लिया गया कि वे हर दिन सुबह-शाम एक टीम बनाकर पहाड़ी पर गश्ती करेंगे। जंगल में आग लगाते हुए पकड़े जाने पर असामाजिक तत्वों को दंडित भी करेंगे।



**वन तस्कर व असामाजिक तत्व जंगल में लगा रहे आग :** पूर्वी सिंहभूम जिले के तालसा गांव के माझी बाबा दुर्गाचरण मुर्मू ने बताया कि वन तस्करों तथा असामाजिक तत्व जंगलों में आग लगा रहे हैं। वे चोरी-छिपे जंगल में जाकर आग लगा दे रहे हैं, ताकि लकड़ी लाने का उन्हें बहाना मिल जाए।पहाड़ी से सटे तालसा, तुरामडीह, कुदादा, भुरीडीह, बाहरडाडी व भीतरडाडी गांव के ग्रामवासी लंबे समय से वन जंगल को बचाने का काम कर रहे हैं। इसकी बदौलत जंगल हरा-भरा दिख रहा है। जंगल में वन-जंगल को काटना पूर्णतः मना है। बावजूद इसके, वन तस्कर व असामाजिक तत्व चोरी छिपे वन-जंगल को काट रहे हैं। ग्रामवासी उनकी घेराबंदी करने के लिए मुस्तैद हैं।

**एक सप्ताह पूर्व जंगल में लगी थी भीषण आग :** एक सप्ताह पूर्व जंगल में भीषण आग लग गयी थी। इसमें कई छोटे-बड़े पेड़ जलकर राख हो गये। लगातार चार दिनों की मशक्कत के बाद तालसा, तुरामडीह व बाहरदाड़ी के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया था। आग पर काबू करने में पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेन हेम्ब्रम, माझी बाबा दुर्गाचरण हेम्ब्रम, नायके बाबा हबीराम मुर्मू, सनातन हेम्ब्रम, रामचंद्र टुडू, सनातन सोरेन, पांडु मुर्मू, दुर्गा हांसदा, बासु मुर्मू समेत अन्य महिला-पुरुष ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया था।

## एक माह से पानी नहीं देने पर नगर परिषद कार्यालय में हंगामा, प्रदर्शन

- जुगसलाई शफीगंज मोहल्ला के लोगों का फूटा आक्रोश

**जमशेदपुर।** करीब एक माह से पानी के लिए तरस रहे जुगसलाई शफीगंज मोहल्ला के लोगों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। लोगों ने जुगसलाई नगर परिषद के कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इन लोगों ने नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।

गौरतलब है कि करीब एक माह से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जुगसलाई नगर परिषद और पेयजल विभाग एक दूसरे पर फेंका-फेंकी कर रहे हैं। कई बार वहां के जनप्रतिनिधि आये। जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मोटाय बानरा भी पहुंचे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सांसद और विधायक उनकी सुधि नहीं ली, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पीएचइडी विभाग व झारखंड सरकार के खिलाफ नारे लगाये। सांसद के खिलाफ भी आवाज उठायी और कहा कि गर्मी में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है और सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलायी जा रही है। महिला, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने यहां प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान वहां के लोग सूर्या पाठक, शैलेंद्र सिंह, प्रह्लाद पाठक, ए गोस्वामी, चंद्रा पाठक, संजय शर्मा, सूरज प्रताप सिंह, आकाश सोनकर, सोनू सोनकर, रोहित तिवारी, बिरेंद्र गोस्वामी, संजय सिंह, सुनिता शर्मा, नंदनी उपाध्याय, सूरज वर्मा, शांति, राकेश सिंह, अरुण सिंह, पप्पू पांडेय, बंटी सिंह, ओम, कृष्णा शर्मा, मंजीत समेत अन्य लोग उपस्थित थे। इन लोगों ने शफीगंज मोहल्ला समिति बनायी है, जिसके संयोजक सदस्य चंद्र पाठक हैं।

**पानी की समस्या दूर होने तक टैंकर से जलापूर्तिः** काफी हंगामा के बाद वहां जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मोटाय बानरा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता के साथ जुगसलाई पुलिस ने हस्तक्षेप किया। जुगसलाई थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों के साथ वार्ता की। इसमें तय किया गया कि 20 अप्रैल से पानी की समस्या का समाधान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल आदित्यपुर के पदाधिकारी करेंगे। पानी की समस्या के निराकरण नहीं होने तक चार टैंकर प्रतिदिन उस मोहल्ले में पानी भेजेंगे। पानी की समस्या को दूर करने के लिए एस्टीमेट बनेगा और 15 दिनों में इस समस्या का निराकरण होगा। गौशाला पानी टंकी से जो पाइप शफीगंज मोहल्ला में बंटी सिंह के घर तक गया है, जो अभी बंद है, उसे भी टी या स्लुइस वैल्व लगाकर जोड़ दिया जायेगा। पेयजल विभाग द्वारा सभी पानी टंकियों में वाटर लेवल इंडिकेटर लगाया जायेगा।

# दुनिया को सत्य-अहिंसा का पाठ पढ़ाया महावीर स्वामी ने



डॉ. श्रीगोपाल नारसन

जैनियों के आचार-विचार, अहिंसा के विषय में चाहे जैसे रूढ़िवादी बन गये हों, पर इसमें संदेह नहीं कि महावीर स्वामी ने अपने समय में जिस अहिंसा के सिद्धांत का प्रचार किया, वह निर्बलता और कायरता उत्पन्न करने के बजाय राष्ट्र का निर्माण और संगठन करके उसे सब प्रकार से सशक्त और विकसित बनाने वाली थी। उसका उद्देश्य मनुष्य मात्र के बीच शांति और प्रेम का व्यवहार स्थापित करना था, जिसके बिना समाज कल्याण और प्रगति की कोई आशा नहीं रखी जा सकती।

तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। उन्होंने एक लँगोटी तक का परिग्रह नहीं रखा। हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेद-भाव जिस युग में बढ़ गया, उसी युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया।उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए, जो हैं- अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य। सभी जैन मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका को इन पंचशील गुणों का पालन करना अनिवार्य है। महावीर स्वामी ने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाई और मार्गदर्शन किया।भगवान महावीर का जन्म तकरीबन ढाई हजार साल पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली के गणतंत्र राज्य क्षत्रिय कुण्डलपुर में हुआ था। महावीर को वीर, अतिवीर और सन्मति भी कहा जाता है। यद्यपि उनकी धर्मयात्राओं का ठीक वर्णन कहीं नहीं मिलता तो भी उपलब्ध वर्णनों से यही विदित होता है कि उनका प्रभाव विशेष रूप से क्षत्रियों और व्यवसायी वर्ग पर पड़ा, जिनमें शूद्र भी बहुत बड़ी संख्या में सम्मिलित थे।समाज मे अहिंसा, सद्भावना, सत्यता और सात्विकता का संदेश देकर समाज को समर्द्ध बनाने वाले महावीर स्वामी ने अपने जीवन में पूरे समाज को हमेशा सन्मार्ग दिखाया है। उन्होंने हमेशा जियो और जीने दो का संदेश दिया। जैन धर्म के लोग ही नही अपितु सर्वसमाज के लोग की जयंती को बहुत धूमधाम और व्यापक स्तर पर मनाते हैं। उन्होंने हर भक्त को अहिंसा, सत्य अचौर्य, बह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करने को कहा है।महावीर स्वामी ने कहा है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म अहिंसा है। अतः हमें हमेशा जियो और जीने दो के संदेश पर कायम रहना चाहिए।महावीर ने हमें स्वयं के दोषों से लड़ने की प्रेरणा दी है। वह कहते हैं- स्वयं से लड़ो, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना? वह जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेगा उसे आनंद की प्राप्ति होगी।मनुष्य की आत्मा अपने आप में सर्वज्ञ (परिपूर्ण) और आनंदमय है। आनंद को कभी बाहर से



प्राप्त नहीं किया जा सकता। आत्मा अकेले आती है और अकेले चली जाती है, न कोई उसका साथ देता है और न ही कोई उसका मित्र बनता है।कि हमेशा दुखी होने की वजह खुद की गलतियां ही हैं, जो मनुष्य अपनी गलतियों पर नियंत्रण पा लेता है। वही मनुष्य सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है।जीवित प्राणी के प्रति दयाभाव ही अहिंसा है। घृणा से हम ना केवल अपना विनाश करते हैं बल्कि दूसरों के लिए भी कष्टकारी हो सकता है।

महावीर अहिंसा के दृढ़ उपासक थे, इसलिए किसी भी दिशा में विरोधी को क्षति पहुंचाने की वे कल्पना भी नहीं करते थे। वे किसी के प्रति कठोर वचन भी नहीं बोलते थे और जो उनका विरोध करता, उसको भी नम्रता और मधुरता से ही समझाते थे। इससे परिचय हो जाने के बाद लोग उनकी महत्ता समझ जाते थे और उनके आंतरिक सद्भावना के प्रभाव से उनके भक्त बन जाते थे

महावीर स्वयं क्षत्रिय और राजवंश के थे, इसलिए उनका प्रभाव कितने ही क्षत्रिय नरेशों पर विशेष रूप से पड़ा। जैन ग्रंथों के अनुसार राजगृह का राजा बिंबिसार महावीर का अनुयायी था। वहां पर इसका नाम श्रेणिक बताया गया है और महावीर स्वामी के अधिकांश उपदेश श्रेणिक के प्रश्नों के उत्तर के रूप में ही प्रकट किये गये हैं। आगे चलकर इतिहास प्रसिद्ध महाराज चंद्रगुप्त मौर्य भी जैन धर्म के अनुयायी बन गये थे और उन्होंने दक्षिण भारत में आकर जैन मुनियों का तपस्वी जीवन व्यतीत किया था।

उड़ीसा का राजा खाखेल तथा दक्षिण के कई राजा जैन थे। इसके फलस्वरूप जनता में महावीर स्वामी के सिद्धांतों का अच्छा प्रचार हो गया और उनके द्वारा प्रचारित धर्म कुछ शताब्दियों के लिए भारत का एक प्रमुख धर्म बन गया। आगे चलकर अनेक जैनाचार्यों ने जैन और हिंदू धर्म के समन्वय की भावना को भी बल दिया, जिसके फल से सिद्धांत रूप से अंतर रहने पर भी व्यवहार रूप में इन दोनों धर्मों में बहुत कुछ एकता हो गई और जैन एक संप्रदाय के रूप में ही हिंदुओं में मिल जुल गये।

महावीर स्वामी का सबसे बड़ा सिद्धांत अहिंसा का है, जिनके समस्त दर्शन, चरित्र, आचार-विचार का आधार एक इसी अहिंसा सिद्धांत पर है। वैसे उन्होंने अपने अनुयायी प्रत्येक साधु और गृहस्थ के लिए अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करना आवश्यक बताया है, पर इन सबमें अहिंसा की भावना सम्मिलित है। इसलिए जैन विद्वानों का प्रमुख उपदेश यही होता है- अहिंसा ही परम धर्म है। अहिंसा ही परम ब्रह्म है। अहिंसा ही सुख शांति देने वाली है। अहिंसा ही संसार का उद्धार करने वाली है। यही मानव का सच्चा धर्म है। यही मानव का सच्चा कर्म है। अहिंसा जैनाचार का तो प्राण ही है।

जैनियों के आचार-विचार, अहिंसा के विषय में चाहे जैसे रूढिवादी बन गये हों, पर इसमें संदेह नहीं कि महावीर स्वामी ने अपने समय में जिस अहिंसा के सिद्धांत का प्रचार किया, वह निर्बलता और कायरता उत्पन्न करने के बजाय राष्ट्र का निर्माण और संगठन करके उसे सब प्रकार से सशक्त और विकसित बनाने वाली थी। उसका उद्देश्य मनुष्य मात्र के बीच शांति और प्रेम का व्यवहार स्थापित करना था, जिसके बिना समाज कल्याण और प्रगति की कोई आशा नहीं रखी जा सकती। यद्यपि अहिंसा का प्रतिपादन सभी धर्मोपदेशकों ने अपने-अपने ढंग से किया है, पर जिस प्रकार महावीर और बुद्ध ने अहिंसा पर सबसे अधिक बल देकर उसी को अपने धर्म का मूलमंत्र बनाया, ऐसा किसी अन्य धर्म संस्था ने नहीं किया और यही जैन धर्म की विशेषता भी बनी।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार है)

## संपादकीय

### भरोसे का आधार

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है।



विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश' को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़ने पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी' हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

## चिंतन-मनन

### सबसे अच्छा सखा है ज्ञान

आत्मा ही आनन्द का स्वरूप है। किसी भी सुखद अनुभूति में तुम आंखे मूंद लेते हो। जैसे जब किसी फूल को सूंघते हो, कोई स्वादिष्ट खाना चखते हो या किसी वस्तु को स्पर्श करते हो। दुख का केवल यही अर्थ है कि तुम अपरिवर्तनशील आत्मा पर केन्द्रित होने के बदले विषयवस्तु में फंसे हो, जो परिवर्तनशील है। सभी इन्द्रियां केवल डाइविंग बोर्ड की भांति हैं जो तुम्हें वापस आत्मा तक पहुंचाती हैं। स-खा का अर्थ है वह ही इन्द्रिय है। सखा वह है जो तुम्हारी इन्द्रिय बन गया है, जो तुम्हारी इन्द्रिय ही है। यदि तुम मेरी इन्द्रिय हो, इसका मतलब तुम्हारे द्वारा मुझे ज्ञान मिलता है, तुम मेरी छठी इन्द्रिय हो। जैसे मैं अपने मन पर विश्वास करता हूं, वैसे ही मैं तुम पर विश्वास करता हूं। एक मित्र केवल इन्द्रिय-विषय हो सकता है, परन्तु सखा स्वयं इन्द्रिय बन जाता है।

सखा वह साथ है जो सुख और दुःख, दोनों अनुभवों में साथ रहता है। सखा वह है जो तुम्हें आत्म स्थित करता है, यदि तुम किसी विषय वस्तु में फंसे हो। जो ज्ञान तुम्हें वापस आत्मा की ओर लाता है, वही सखा है। ज्ञान तुम्हारा साथी है और गुरु केवल ज्ञान के प्रतिरूप हैं। सखा का अर्थ है, वह मेरी इन्द्रियां हैं। मैं संसार को उसी ज्ञान के द्वारा, उनके माध्यम से देखता हूं। यदि तुम्हारी सोच देवी है, तो तुम समस्त संसार को दिव्य दृष्टि से देखोगे। कुछ वर्षों में तुम्हारा मस्तक मिट्टी में होगा, जीते जी तो अपना सर कीचड़ से मत भरो। मेरा पीछा न करो। वास्तव में तुम मेरा पीछा कर भी नहीं सकते, क्योंकि मैं तो तुम्हारे पीछे हूं, तुमको आगे ठेलने के लिए। तुम्हें सब-कुछ पीछे छोड़ देना है और आगे बढ़ना है। सब कुछ तुम्हारे सभी अनुभव, तुम्हारे नाते-रिश्ते-भूत काल के हिस्से हैं। सब-कुछ छोड़ दो। अपनी स्मृतियों के सम्पूर्ण संसार को पीछे छोड़ दो। मुझको भी। आगे बढ़ो और मुक्त हो जाओ। कुछ और खोजना बन्द करो- तब तुम मुक्त होगे और तुममें अनुकम्पा उभरेगी।

# सियासत के किले हैं , तो वे ढहेंगे भी...



राकेश अचल

देश -दुनिया में दुर्ग यानि किले सत्ताधीशों के ही बनते आये है। लेकिन ये दुर्ग जब लोकतंत्र में सियासी दल भी बनाते हैं तो उन्हें ढहाने का उपक्रम भी लगातार चलता रहता है। सियासत के दुर्ग या तो राजनीतिक दल की विचारधारा के आधार पर बनाये जाते हैं या फिर व्यक्तित्व के आधार पर। आजादी के बाद यदि किसी राजनीतिक दल का सबसे मजबूत किला था तो वो था कांग्रेस का । लेकिन बाद में अधिकांश राजनीतिक दलों ने अपने-आपने इलाकों में किलों के बजाय छोटी-छोटी गढ़ियाँ बनाना शुरू कर दीं। आजकल देश में कहते हैं कि सबसे ज्यादा मजबूत किला भाजपा का है और उसे ढहाने में कांग्रेस समेत देश के तमाम छोटे-बड़े राजनीतिक दल लगे हुए हैं।

अतीत में झांके तो पाएंगे कि पहले सियासी किले अभेद्य हुआ करते थे। उनके ऊपर किसी भी तरह के हमलों का असर नहीं होता था ,क्योंकि ये किले विचारधारा की नींव पर खड़े किये गए थे। कांग्रेस,भाकपा,समाजवादी और दक्षिण पंथियों ने समय-समय पर अपने किले बनाये। इन किलों के जरिये देश में आरसे तक राजनीति भी खूब फली-फूली ,लेकिन जब किलों के ढहने का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर रुका नहीं। एक जमाने में जहाँ-जहँ कांग्रेस के किले थे वहां-वहां क्षेत्रीय दलों ने उनके ऊपर कब्जा कर लिया। ये क्षेत्रीय किले कहीं-कहीं कांग्रेस के साथ भी खड़े हुए और कहीं एकदम अकेले।

पश्चिम बंगाल में वामपंथ का किला 25 साल तक अभेद्य रहा। उसे कांग्रेस से अलग हुई तृणमूल कांग्रेस की संस्थापिका सुश्री ममता बनर्जी ने तोड़ा। दक्षिण के क्षेत्रीय किले तोड़ने के लिए कांग्रेस और भाजपा लगातार कोशिश करती रही ,लेकिन उन्हें ध्वस्त नहीं कर पायी। कर्नाटक में किले ढहाने और उन पर कब्जे करने का सनातन खेल जारी है। भाजपा ने 2014 में कांग्रेस के किले को ही नहीं ढहाए बल्कि कांग्रेस की गढ़ियाँ भी ध्वस्त कर दीं। लेकिन अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों के किले आज भी सुरक्षित हैं। मिसाल के तौर पर ओडिशा में बीजू जनता दल का किला। इन दिनों भाजपा का किला ढहाने के लिए कसबल लगाया जा रहा है। 2024 में भाजपा का किला ध्वस्त करने के लिए जगह-जगह सेंधमारी की जा रही है। कहीं कामयाबी मिल रही है और कहीं नहीं भी। दिल्ली और झारखण्ड कि किलेदारों को जेल की हवा भी खिला दी गयी है किन्तु ये किले यानि गढ़ियाँ जीती नहीं जा सकीं।

भाजपा का किला राम नाम की ईंटों से बनाया गया है अभी ये किला 44 साल पुराना ही है। इस किले को बनाने में राम जी बार-बार काम आये लेकिन इस बार भाजपा के किले की अनेक बुर्जों पर विरोधियों ने जमकर सेंधमारी की है। लोकतंत्र में सियासी किले ढहाने के लिए मतदान सबसे बड़ा जरिया है । वोट के बम किले की किसी भी बुर्ज को ध्वस्त कर सकते हैं और इन्हीं क्षतिग्रस्त बुर्जों से किले के भीतर जाने के रस्ते बनाये जानते हैं। सियासी किलों की मरम्मत और हमलों का काम हर पांच साल में होता है। इस साल भी किले फतह करने, किले कमजोर करने की कवायद चल रही है । पहले हमले में 102 ठिकानों पर जोर -आजमाइश हुई है। अभी इसी तरह के छह हमले और किये जाने है।


सियासी किले बचने के लिए साम-दाम-दंड भेद के सात गोधन,गजधन ,बाजधन और रतनधन के अलावा इलेक्ट्रोरल बांड से मिले धन का भी इस्तेमाल किया जाता है। बाहुबल अब गौण हो गया है ,हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है। उसकी अक्षोहणी सेना में संघ दीक्षित स्वयं सेवकों के साथ अंधभक्तों की तादाद दूर दलों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। अंधभक्तों की टुकड़ी सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाती है ,क्योंकि इसे अपने राजा के अलावा कोई दूसरा सूझता ही नहीं।

मैंने अपने जीवन में अनेक मजबूत से मजबूत किले ध्वस्त होते देखे है। मैंने अनेक गढ़ियाँ बनते -बिगड़ते देखीं हैं। आपने भी देखी ही होंगीं लेकिन आपने शायद इनके बारे में ज्यादा गौर नहीं किया। जनता जनार्दन अक्सर इन किलों में या तो कैद रहती है या फिर अपने आपको महफूज महसूस कर इनसे बाहर नहीं निकलती। इन किलों में गरीबी परिवारों को पेट की आग बुझाने के लिउए मुफ्त का राशन और भाषण दोनों मिलता है । मनोरंजन के लिए रामधुन,आत्मशांति के लिए मंदिर की सुविधाएं भी मुहैया कराई जातीं है। कांग्रेस के किलों में मंदिर,मस्जिद,गुरुद्वारा और गिरजाघर सब होते हैं। पहले इन्हीं सुविधाओं की वजह से कांग्रेस के किलों में ज्यादा लोग बसते थे । लेकिन बाद में कांग्रेस के किले में भगदड़ मची । हाल के दिनों में टोकांग्रेस का किला छोड़कर भाजपा के किले में लगे शरणार्थी शिविर में सबसे ज्यादा आमद दर्ज कराई है।

भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये । लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं ,लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा ,ये राम ही जानें ? मै राम की बात इसलिए कर रहा हूँ क्योंकि भारत में एक दशक से सब कुछ राम के नाम पर ही हो रहा है। कभी-कभी भोले बाबा और योगाधीश कृष्ण का भी नाम लिया जाता है ,अभी राम का नाम सबसे ज्यादा चल रहा है।

हम तुलसी और कबीर के वंशज महासंग्राम के टीकाकार से ज्यादा कुछ नहीं है। हम ज्यादा से ज्यादा तुमुल ध्वनि कर सकते है। हमारी बिरादरी के कुछ लोग बाकायदा जिरह-बख्तर पहनकर भाजपा के लिए लड़ भी रहे हैं। किन्तु असल लड़ाई जनता लड़ रही ह। यदि कोई किला ढहता है या और मजबूत होता है तो इसका श्रेय किसी की गारंटी को नहीं बल्कि जनता की उदारता को दिया जाना चाहिए। अब देखिये आगे-आगे होता है क्या ?

# धूम्रपान : हर लिहाज से खतरनाक है ये शगल



रजनीश कपूर

साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म 'हम दोनों' का गाना 'हर फिक्र को धुएं में उड़ाता' सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा।

फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी।

आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है।

दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क 'नर्व सेल' से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट



की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को 'एनिमल पार्ट' कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के 'एनिमल पार्ट' को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं।

इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदाथरे पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची।

उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से साबित कर दिया कि सिगरेट के धुएं में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं, यह न केवल धूम्रपान करने वाले, बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। सिगरेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही, सिगरेट के डब्बों पर भी स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियां भी छापी जाने लगीं परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिगरेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रु ख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख्त नहीं थे।

इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फंस गए। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चांदी होने लगी। सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिगरेट पीने को ह्यस्टेटस सिंबलह्ण या सामाजिक स्थिति का संकेतक मानते हैं। समझते हैं कि धूम्रपान करना ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है, परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं।

इस लत के चलते न सिर्फ आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। धूम्रपान करने से मिलने वाला आंशिक 'सुकून' बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर करता है, और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी धूम्रपान करते किसी व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो यह सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फिक्र धुएं में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फिक्र उड़ने की बजाय और बढ़ रहे हों?



# सभी इन्द्रियों को जीतने के कारण

## जितेन्द्रिय कहलाए स्वामी

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी माने जाते हैं.महावीर का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी तिथि को बिहार में लिच्छिवी वंश के महाराज श्री सिद्धार्थ और माता त्रिशिला रानी देवी के यहां हुआ था. वर्धमान महावीर का जन्म एक क्षत्रिय राजकुमार के रूप में एक राज परिवार में हुआ था. उनका जन्म प्राचीन भारत के वैशाली राज्य के गांव कुंडग्राम में हुआ था. भगवान महावीर कई नामों से जानें जाते हैं जिनमें वर्धमान, महावीर, सन्मति और साहसी आदि मुख्य नाम थे.भगवान महावीर का जन्म एक साधारण बालक के रूप में हुआ था इनकी कड़ी तपस्या की वजह से ही इनका जीवन अनूठा बन गया.

ऐसा माना जाता है कि महावीर स्वामी का काफी अन्तर्मुखी स्वभाव के थे.शुरुआत से ही उन्हें संसार के भोगों में कोई रुचि नहीं थी लेकिन माता-पिता की इच्छा की वजह से उन्होंने वसंतपुर के महासामन्त समरवीर की पुत्री यशोदा के साथ परिणय सूत्र में बंध गए और जिससे उनकी एक पुत्री हुई जिसका नाम प्रियदर्शना रखा गया. तीस साल की उम्र में उन्होंने घर-बार छोड़ दिया और कठोर तपस्या की वजह से कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया.महावीर ने पार्श्वनाथ के आरंभ किए तत्वज्ञान को परिभाषित करके जैन दर्शन को स्थाई आधार दिया.महावीर स्वामी ने श्रद्धा एवं विश्वास की वजह से जैन धर्म की फिर से प्रतिष्ठा स्थापित की. उन्होंने 'अहिंसा परमोधर्म' के सिद्धांत और लोक कल्याण का मार्ग अपना कर विश्व को शांति का सन्देश दिया.आधुनिक काल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को अहिंसा के जिस महान आदर्श को अपनाने के लिए आह्वान किया था, उसके महत्व पर सर्वप्रथम और सबसे अधिक जोर महावीर स्वामी ने ही दिया है.इस आदर्श के अनुसार, हमें किसी भी रूप, मनसा-वाचा-कर्मणा, में हिंसा नहीं करनी चाहिए.जैन धर्म की मान्यताओं के मुताबिक वर्द्धमान ने कठोर तप द्वारा अपनी समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर जिन अर्थात विजेता कहलाए.इन्द्रियों को जीतने के कारण वे जितेन्द्रिय कहे जाते हैंय़ह कठिन तप पराक्रम के समान माना गया, इसलिए वे 'महावीर' कहलाए.उन्हें वीर,अतिवीर' और 'सन्मति' भी कहा जाता है. भगवान महावीर ने अपने उपदेशों से इस समाज का कल्याण किया है.उनकी शिक्षाओं में ये बातें प्रमुख थीं कि सत्य का पालन करो, अहिंसा को अपनाओ, जिओ और जीने दो. इसके अलावा उन्होंने पांच महाव्रत, पांच अणुव्रत, पांच समिति तथा छह आवश्यक नियमों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया.जो जैन धर्म के प्रमुख आधार माने गए.पावापुर में कार्तिक कृष्ण अमावस्या को भगवान महावीर ने आखिरी सांस ली.

### अहिंसा परमोधर्म

वर्तमान युग में महात्मा गाँधी ने सारी मनुष्य जाति को जिस महान आदर्श को अपनाने के लिए अहवाहन किया था, उसके महत्व पर सर्वप्रथम एवं सबसे अधिक जैन तीर्थंकर पार्श्व और महावीर ने ही दिया है। महावीर स्वामी से हमें यह शिक्षा मिलती हैं कि हमें हिंसा किसी भी रूप में नहीं करनी चाहिए। सदा सत्य बोलना चाहिए। निर्बल, निरीह और असहाय व्यक्तियों की ही नहीं बल्कि पशुओं को भी नहीं सताना चाहिए। मनुष्य को मन, वचन , कर्म से शुद्ध होना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन काल में देशाटन अवश्य करना चाहिए इससे ज्ञानार्जन होता हैं। यह ज्ञानार्जन का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। चोरी कभी नहीं करनी चाहिए। चोरी भी मन , वचन एवम कर्म से होती हैं अथवा किसी एक से भी करना, महापाप हैं। महावीर हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देते हैं। उनकी जयंती के दिन हमें यह प्रतिज्ञा करने चाहिए कि उनकी बताई शिक्षा में से किसी एक शिक्षा को अपनायें। इससे हमारे में नैतिक गुणों का विकास होगा, साथ ही साथ अच्छे कर्म भी होंगे। भगवान महावीर ने दुनिया को बहुत ही अच्छे संदेश दिए। उनका सबसे प्रिय संदेश था अहिंसा के मार्ग पर चलने का। भगवान महावीर के मूल मंत्र 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर चलकर ही हम देश, दुनिया को बचा सकते हैं। भगवान महावीर की शिक्षाएं हमें करुणामय एवं निस्वार्थ सादगीपूर्ण जीवन की प्रेरणा देती हैं। यह त्योहार सच्चाई, अहिंसा तथा सौहार्द के प्रति सभी की प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का काम करे।



# क्यों मनाई जाती है महावीर जयंती?

## पौराणिक कथा और रोचक बातें

**इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल को पड़ रही है. इस दिन को भगवान महावीर के जन्मदिवस के तौर पर मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के 13वें दिन महावीर स्वामी का जन्म हुआ था.**

जैन धर्म के लोगों के लिए महावीर जयंती का पर्व बेहद खास होता है. हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महावीर जयंती मनाई जाती है. महावीर जयंती पर जैन धर्म समुदाय के लोग प्रभात फेरी, अनुष्ठान और शोभा यात्रा का आयोजन करते हैं. महावीर जयंती का पर्व भगवान महावीर को समर्पित है. महावीर भगवान ने समाज और लोगों के कल्याण के लिए संदेश दिए थे. उन्होंने मनुष्य के लिए मोक्ष प्राप्ति के लिए पांच नियम भी स्थापित किए थे, जिनको पंच सिद्धांत कहा जाता है. आइए जानते हैं इस बार महावीर जयंती कब है और इसका महत्व क्या है. इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल को पड़ रही है. इस दिन को भगवान महावीर के जन्म उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के 13वें दिन महावीर स्वामी का जन्म हुआ था. ऐसा कहा जाता है कि महावीर स्वामी का जन्म करीब 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडग्राम/कुंडलपुर के राज परिवार में हुआ था. इनका बचपन का नाम वर्धमान था. 30 साल की उम्र में इन्होंने राजपाट त्यागकर संन्यास धारण कर लिया था और अध्यात्म की राह पर चल दिए थे.

### महावीर जयंती से जुड़े तथ्य

- महावीर जयंती जो भगवान महावीर का जन्मदिवस भी है, मुख्य रूप से जैन समुदाय के बीच, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों में भी मनाई जाती है.
- जिस स्थान पर महावीर का जन्म हुआ उसे अहल्या भूमि भी कहा जाता है. महावीर की ज्ञान साधना 12 वर्ष तक चली थी.
- महावीर स्वामी ने 30 साल की उम्र में अपना परिवार और राज्य छोड़ दिया था और अध्यात्म की राह पर चल दिए थे.
- महावीर का जन्मस्थान बिहार में इस शुभ दिन को भव्य तरीके से मनाया जाता है. इस अवसर को वैशाली महोत्सव के नाम से भी जाना जाता है.
- महावीर जयंती की सुबह में विभिन्न भव्य जुलूस का आयोजन किया जाता है. इस दिन आप भगवान महावीर की छवियों वाले भव्य रथ देख सकते हैं.
- इस दिन जैन मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है और इनमें सभी तीर्थंकरों की छवियां शामिल होती हैं.
- भारत के कुछ प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल जहां महावीर जयंती भव्य तरीके से मनाई जाती है, जो कि पालीताना, रणकपुर, श्रवणबेलगोला, दिलवाड़ा मंदिर, खंडगिरि गुफाएं और उदयगिरि गुफाएं आदि हैं.

### कौन हैं भगवान महावीर


पैराणिक कथाओं के अनुसार महावीर स्वामी को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में माना जाता है. ये उन 24 लोगों में से हैं जिन्होंने कठिन तपस्या कर आत्मज्ञान प्राप्त किया था. ऐसा कहा जाता है कि तीर्थंकर वे लोग होते हैं जो इंद्रियों और भावनाओं पर पूरी तरह विजय प्राप्त कर लेते हैं. साल 2024 में महावीर जयंती 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को पड़ रही है. इस दिन भगवान महावीर का 2622वां जन्मदिवस मनाया जाएगा. चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 20 अप्रैल 2024 को रात 10.41 से शुरू होगी और अगले दिन 22 अप्रैल 2024 को दोपहर 1.11 पर समाप्त होगी. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार महावीर जयंती 21 अप्रैल को मनाई जाएगी.


जैन धर्म की मान्यता है कि 12 साल के कठोर मौन तप-जप के बाद भगवान महावीर ने अपनी इंद्रियों पर पूरी तरह विजय प्राप्त कर ली थी. निडर, सहनशील और अहिंसक होने के कारण उनका नाम महावीर पड़ा. 72 साल की उम्र में उन्हें पावापुरी से मोक्ष प्राप्त हुआ. महावीर जयंती के दिन जैन धर्म के लोग प्रभातफेरी, अनुष्ठान, शोभायात्रा निकलाते हैं. फिर महावीर जी की मूर्ति का सोने और चांदी के कलश जलाभिषेक किया जाता है. इस दौरान जैन संप्रदाय के गुरु भगवान महावीर के उपदेश बताते हैं और उनपर चलने की सीख दी जाती है. इस दिन देशभर के जैन मंदिरों में पूजा की जाती है. इस दिन जैन समुदाय के लोग स्वामी महावीर के जन्म की खुशियां मनाते हैं और शोभा यात्राएं भी निकाली जाती हैं. इन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा के कई उपदेश दिए थे.

### भगवान महावीर के पांच सिद्धांत

राजसी ठाठ छोड़ आध्यात्म की राह अपनाने वाले भगवान महावीर स्वामी ने जीवनभर मानव जाति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के रास्ते बताए. महावीर स्वामी के 5 प्रमुख सिद्धांत बताए थे, जिन्हें पंचशील सिद्धांत भी कहा जाता है.

- सत्य
- हिंसा
- अस्तेय यानी चोरी न करना.
- अपरिग्रह यानी विषय व वस्तुओं के प्रति लगाव न होना.
- ब्रह्मचर्य का पालन करना.
- धार्मिक मान्यता है कि भगवान महावीर के इन पांच सिद्धांतों का पालन करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है.





# भगवान महावीर के जीवन और पंचशील सिद्धांत

**महावीर जयंती जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है. इसी दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म हुआ था. भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार साल पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली के गणतंत्र राज्य क्षत्रिय कुण्डलपुर में हुआ था. तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गए.**

### महावीर जयंती का महत्व

कहते हैं कि 12 साल की कठिन तपस्या के बाद भगवान महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ और 72 वर्ष की आयु में उन्हें पावापुरी से मोक्ष की प्राप्ति हुई. इस दौरान महावीर स्वामी के कई अनुयायी बने जिसमें उस समय के प्रमुख राजा बिम्बिसार, कुनिक और चेटक भी शामिल थे. जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर-जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूम धाम से मनाया जाता है.

### क्या है पंचशील सिद्धांत

जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है. तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया. उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए, जो है- अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य. महावीर ने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाई और मार्गदर्शन किया. भगवान महावीर ने अहिंसा की जितनी सूक्ष्म व्याख्या की, वह अन्य कहीं दुर्लभ है. उन्होंने मानव को मानव के प्रति ही प्रेम और मित्रता से रहने का संदेश नहीं दिया अपितु मिट्टी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति से लेकर कीड़े-मकौड़े, पशु-पक्षी आदि के प्रति भी मित्रता और अहिंसक विचार के साथ रहने का उपदेश दिया है.

### कैसे मनाया जाता है पर्व

महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्मावलंबी प्रातः काल प्रभातफेरी निकालते हैं. उसके बाद भव्य जुलूस के साथ पालकी यात्रा निकालते हैं. इसके बाद स्वर्ण और रजत कलशों से महावीर स्वामी का अभिषेक किया जाता है तथा शिखरों पर ध्वजा चढ़ाई जाती है. जैन समाज द्वारा दिन भर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करके महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है.

### मंदिरों में खास आयोजन

राजस्थान में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्य स्थित रणकपुर में ऋषभदेव का चतुर्मुखी जैन मंदिर है. चारों ओर जंगलों से घिरे इस मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है. इसके अलावा राजस्थान के ही दिलवाड़ा में विख्यात जैन मंदिर हैं. इन मंदिरों का निर्माण 11वीं और 13वीं शताब्दी के बीच हुआ था. गुजरात के शतरुंजया पहाड़ पर पालिताना जैन मंदिर स्थित है. नौ सौ से अधिक मंदिरों वाले शतरुंजया पहाड़ पर स्थित पालिताना जैन मंदिर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर को समर्पित हैं.

# कैवल्य ज्ञान का मार्ग महावीर

महावीर का मार्ग पूर्णतः स्पष्ट और कैवल्य ज्ञान प्राप्त करने का मार्ग है। यह राजपथ है। उनके उपदेश हमारे जीवन में किसी भी तरह के विरोधाभास को नहीं रहने देते। जीवन में विरोधाभास या द्वंद्व है तो फिर आप कहीं भी नहीं पहुँच सकते। भगवान महावीर को समझने के लिए कैवल्य ज्ञान प्राप्त करना होगा। समुद्र को जानने के लिए समुद्र में डूबना होगा। महावीर की गहराई को फिर भी कोई छू नहीं सकता। धरती पर कुछ गिने-चुने ही महापुरुष हुए हैं। उनमें महावीर ध्यानियों में ऐसे हैं जैसे सागरों में प्रशांत महासागर। महावीर का जीवन, दर्शन या तप कुछ भी रहा हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुख्य बात यह कि उन्होंने 'कैवल्य ज्ञान' की जिस ऊँचाई को छुआ था वह अवर्णीय है। वह अंतरिक्ष के उस सन्नाटे की तरह है जिसमें किसी भी पदार्थ की उपस्थिति नहीं हो सकती। जहाँ न ध्वनि है और न ही ऊर्जा। केवल शुद्ध आत्मतत्व।

**महावीर का जीवन :** : भगवान महावीर तीर्थंकरों की कड़ी के अंतिम तीर्थंकर हैं। उनका जन्म नाम वर्धमान है। राजकुमार वर्धमान के माता-पिता श्रमण धर्म के पार्श्वनाथ सम्प्रदाय से थे। महावीर से 250 वर्ष पूर्व 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ हुए थे।

भगवान महावीर का जन्म 599 ईपू. अर्थात 2614 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुंडलपुर के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ के यहाँ हुआ। उनकी माता त्रिशला लिच्छवि राजा चेटकी की पुत्र थीं। भगवान महावीर ने सिद्धार्थ-त्रिशला की तीसरी संतान के रूप में चैत्र शुक्ल की तेरस को जन्म लिया।

**महावीर की शिक्षा :** वर्धमान के बड़े भाई का नाम नंदिवर्धन व बहन का नाम सुदर्शना था। वर्धमान का बचपन राजमहल में बीता। आठ बरस के हुए, तो उन्हें पढ़ाने, शिक्षा देने, धनुष आदि चलाना सिखाने के लिए शिल्प शाला में भेजा गया।

**विवाह मतभेद :** श्वेताम्बर संघ की मान्यता है कि वर्धमान ने यशोदा से विवाह किया था। उनकी बेटी का नाम था अयोज्जा या अनवद्या। जबकि दिगम्बर संघ की मान्यता है कि उनका विवाह हुआ ही नहीं था। वे बाल ब्रह्मचारी थे।

**श्रामणी दीक्षा :** महावीर की उम्र जब 28 वर्ष थी, तब उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। बड़े भाई नंदिवर्धन के अनुरोध पर वे दो बरस तक घर पर रहे। बाद में तीस बरस की उम्र में वर्धमान ने श्रमण परंपरा में श्रामणी दीक्षा ले ली। वे 'समण' बन गए। अधिकांश समय वे ध्यान में ही मग्न रहते।

**कैवल्य ज्ञान :** भगवान महावीर ने 12 साल तक मौन तपस्या तथा गहन ध्यान किया। अन्त में उन्हें 'कैवल्य ज्ञान' प्राप्त हुआ। कैवल्य ज्ञान प्राप्त होने के बाद भगवान महावीर ने जनकल्याण के लिए शिक्षा देना शुरू की। अर्धमगधी भाषा में वे प्रवचन करने लगे, क्योंकि उस काल में आम जनता की यही भाषा थी।

**महावीर का तत्वज्ञान :** ब्रह्मांड में दो ही तत्व हैं जीव और अजीव अर्थात जड़ और चेतन। दोनों एक दूसरे से परस्पर बद्ध हैं। इस बद्धता को ही कर्माश्रव व कर्मबंध कहते हैं। चेतन का जड़ के इस बंधन से मुक्त होना ही कैवल्य ज्ञान और पूर्ण मुक्त हो जाना निर्वाण है। इसके अलावा अनेकांतवाद अर्थात वास्तववादी और सापेक्षतावादी बहुत्ववाद सिद्धांत और स्यादवाद अर्थात ज्ञान की सापेक्षता का सिद्धांत। उक्त दोनों सिद्धांतों में सिमटा है भगवान महावीर का दर्शन। दर्शन अर्थात जो ब्रह्मांड और आत्मा के अस्तित्व के प्रारंभ और इसकी स्थिति तथा प्रकार के बारे में खुलासा करता हो।

**महावीर का संघ :** भगवान महावीर ने कैवल्य ज्ञान मार्ग को पुष्ट करने हेतु अपने अनुयायियों को चार भागों में विभाजित किया- मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविका। प्रथम दो वर्ग गृहत्यागी परिव्राजकों के लिए और अंतिम दो गृहस्थों के लिए। यही उनका चतुर्विध-संघ कहलाया।

**पंच महाव्रत :** भगवान महावीर ने कैवल्य ज्ञान हेतु धर्म के मूल पाँच व्रत बताए- अहिंसा, अचौर्य, अमैथुन और अपरिग्रह। उक्त पंचमहाव्रतों का पालन मुनियों के लिए पूर्ण रूप से और गृहस्थों के लिए स्थूलरूप अर्थात अणुव्रत रूप से बताया गया है। हालाँकि महावीर का धर्म और दर्शन उक्त पंच महाव्रत से कहीं ज्यादा विस्तृत और गूह्म है।



## संक्षिप्त

### बगहा में अगलगी में सौ से अधिक घर जले

**बगहा।** बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पछिया हवा के चलते अचानक आग लगने से सौ से अधिक घर जल गये। कई जगह गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी है। एक दर्जन पशु भी जलकर मर गये हैं। नदी थाने के नयका टोला बिंदवलिया में शनिवार को दोपहर अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते 80 घर जलकर राख हो गये। सारी संपत्ति जलकर राख हो गयी। इस दौरान आधा दर्जन बकरियां व दो दर्जन मुर्गा मुर्गी भी जलकर मर गये। अग्निशमन दल के पदाधिकारी श्याम सुंदर यादव ने आग की घटनाओं की पुष्टि की है।

### 3.50 करोड़ की चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** नेपाल से तस्करी कर यूपी के रास्ते हरियाणा ले जायी रही चरस की खेप के साथ तीन तस्करों को बेतिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 35.766 किलो चरस बरामद की गयी है। इसकी कीमत 3.50 करोड़ बतायी जा रही है। एसपी अमरकेश डी। ने बताया कि पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में चरस की खेप लेकर तस्कर पहुंचे हैं। खेप लेकर अलग-अलग रास्ते से बाहर जाने की फिराक में हैं। सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घेराबंदी कर एनएच 727 पर सड़क किनारे एक बाइक पर सवार दो युवकों को संदिग्ध हालत में कार्टन लिये पकड़ा। तलाशी लिये जाने पर उनके पास से चरस की बड़ी खेप बरामद हुई।

### पति ने पत्नी को लगाया करेंट, चली गयी जान

**सीवान।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के बरहोगा बढ़ई टोला गांव में शुक्रवार की देर रात ससुराल वालों ने एक विवाहिता की जमकर पिटाई कर अधमरा किया, उसके बाद करंट लगाकर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा घर छोड़कर भाग रहे पति को गिरफ्तार कर लिया। मृतका का नाम रूबी कुमारी है जो रंजीत ठाकुर की पत्नी थी।

### ललन सिंह ने चार सेटों में किया नामांकन

**मुंगेर।** एनडीए की ओर से जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन किया। उन्होंने मुंगेर संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के समक्ष चार सेटों में अपना नाम निर्देशन पत्र समर्पित किया। इससे पूर्व भव्य नामांकन सह आशीर्वाद यात्रा निकाली गयी। इसमें राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक और भारी संख्या में उनके समर्थकों ने भाग लिया। नामांकन से पहले ललन सिंह ने माता चंडिका स्थान पहुंच कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद दिलीप बाबू धर्मशाला से उनके नेतृत्व में नामांकन सह आशीर्वाद यात्रा निकली। खुली जीप में ललन सिंह सवार थे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी एवं सुनील कुमार भी सवार थे। जबकि आधा दर्जन से अधिक विधायकों ने उनके नामांकन जुलूस में भाग लिया।

# राजनीति में बेटे-बेटियों को आगे बढ़ाने में लगे हैं लालू : मुख्यमंत्री

संवाददाता, कटिहार / पूर्णिया



**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने शनिवार को कटिहार की चुनावी सभा में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर अपने परिवार को राजनीति में आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बताइए, इतना ज्यादा कोई बच्चा पैदा करता है। अब लालू प्रसाद अपने दो बेटे और दो बेटियों को राजनीति में आगे बढ़ा रहे हैं। जब उन्हें मौका मिला, तो विकास का कोई काम नहीं किया। उन्होंने राजद के 15 साल के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पति-पत्नी ने बिहार पर राज किया। याद कीजिए, 2005 से पहले बिहार शाम ढलते ही लोग बाहर निकलने से डरते थे।

वहीं पूर्णिया सीट से जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के पक्ष में बनमनखी में चुनावी सभा में उन्होंने राजद प्रत्याशी बीमा भारती पर जम कर प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे बढ़ाये, मंत्री भी बनाये, फिर मंत्री बनाने की जिद की। हमने कहा मंत्री नहीं बना पायेंगे। तब भाग कर कहां चली गयी, आप सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए राज्य की सभी चालीस सीटें जीतेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में हिन्दू-मुस्लिम का खूब झगड़ा होता था। जब हमलोग आये तो झगड़ा बंद हो गया। जब बिहार में उनकी सरकार बनी तब से समाज के हर तबके के लिए काम हुआ। खासकर यह बात अकलियत समाज को जाननी चाहिए। इसलिये इधर-उधर जाने की जरूरत नहीं है। एकजुट रहिये। मौके पर संजय झा, लेशी सिंह, दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे।

**10 लाख नौकरी व 10 लाख रोजगार का लक्ष्य** : सरकारी नौकरी देने के तेजस्वी के दावे पर सीएम ने कहा कि 2020 में हम लोगों ने तय किया कि 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार देंगे। इसमें अबतक 4 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। अगले साल तक 10 लाख लोगों को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है।

### पीएम मोदी की तारीफ

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन की शुरुआत पीएम के तारीफ से की। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी जी पूर्णिया आये थे। वे आपसे मिलकर गये हैं। इससे खुशी की और क्या बात हो सकती है। आज देश में पीएम मोदी जी और बिहार में हमलोगों के विकास का काम करे रहे हैं। हमलोग 2005 से ही मिलकर बिहार में काम कर रहे हैं। पूर्णिया में एयरपोर्ट सेवा को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग इस कार्य में शुरू से लगे हुए हैं। हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द हवाई सेवा शुरू हो जाये। इससे लोगों को काफी सुविधा होगी।

# कटिहार : ट्रेन से 52 लाख के साथ एक हिरासत में



प्रतिनिधि, कटिहार

**जीआरपी** व आरपीएफ की ओर से शनिवार को चलाये गये चेकिंग अभियान के दौरान अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति के पास से रेल पुलिस ने 52.48 लाख रुपए कैश बरामद किया है। भारी मात्रा में नकद रुपये की बरामदगी के बाद रेल पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेते हुए नगद रुपया जब्त कर वरीय पुलिस पदाधिकारी और आयकर विभाग को सूचित किया। आरोपित दीमापुर से समस्तीपुर के टिकट पर बी वन कोच के सीट नंबर 40 पर सफर कर रहा था। रेल एसपी ने बताया कि हिरासत में लिये गये आरोपित अनिल कुमार मधुबनी का रहने वाला है। आरोपित व उसके पास से बरामद मोबाइल में हुए चैट से यह बात सामने आयी कि यह राशि समस्तीपुर के किसी प्रत्याशी को डिलीवर होनी थी। फिलहाल रेल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। जबकि रेल पुलिस के गिरफ्तार में आये। अनिल का कहना है कि वह इन पैसों को अपने भाई को देने वाला था। वे लोग दिल्ली में ठेकेदारी का काम करता है। अपने निजी मित्र से यह धनराशि उधार ली है। पकड़े गये रेल यात्री के पास से 175 नेपाली करेंसी भी बरामद हुआ है।

## पप्पू यादव जैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत: तेजस्वी यादव



**पूर्णिया।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को पूर्णिया के श्री नगर प्रखंड में राजद उम्मीदवार बीमा भारती के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया । इस मौके पर तेजस्वी यादव ने बिना नाम लिए पप्पू यादव पर जमकर प्रहार किया । उन्होंने कहा कि कुछ लोग बीजेपी का एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और दिन रात मेरे पिता को गाली देने का काम करते हैं, जबकि हम सभी ने कभी भी उसे अपमानित नहीं किया । उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसा ऐसा वीडियो है जिसे दिखा दिया जाए तो लोग शर्मसार हो जाएंगे । उन्होंने कहा वैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है । अगर हमारी गठबंधन की केंद्र में सरकार बनती है तो पूरे देश में एक करोड़ बेरोजगार युवक को नौकरी देंगे ।

### अमित शाह की आज कटिहार में सभा

**पटना।** दूसरे चरण के चुनाव प्रचार को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का बिहार दौरा आज से शुरू हो रहा है। 21 अप्रैल को केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह कटिहार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं, 23 अप्रैल को जनाथ सिंह भागलपुर लोस के कहलगांव में आयोजित जनसभा में भाग लेंगे। शाह की जनसभा दोपहर एक बजे कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में होगी। इस दौरान कटिहार से एनडीए समर्थित जदयू के उम्मीदवार दुलालचंद गोस्वामी सहित एनडीए के नेता भी मौजूद रहेंगे।

## बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक केस में उज्जैन से एक महिला समेत पांच गिरफ्तार

- हजारीबाग और पटना से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में इनका मिला था सुराग

**उज्जैन।** बड़ी खबर उज्जैन से आई है, बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा ली गयी तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरइ-3) पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) को बड़ी सफलता मिली है। इओयू की विशेष टीम ने मध्यप्रदेश के उज्जैन से एक महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक से जुड़े अहम साक्ष्य मिले हैं। यह पांचों पेपर लीक गैंग के सक्रिय और महत्वपूर्ण सदस्य बताये जा रहे हैं। इओयू की टीम सभी को पटना ला रही है, जहां सोमवार तक इन्हें अदालत में पेश किया जायेगा।

इओयू सूत्रों के अनुसार, पेपर लीक मामले में हजारीबाग और पटना से गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में इनका सुराग मिला था। इसके बाद से ही इओयू इनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पेपर लीक से जुड़े पांच प्रमुख आरोपियों के उज्जैन में होने की जानकारी मिली, जिसके बाद इओयू के विशेष दल ने छापेमारी कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सभी को उज्जैन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इओयू के आवेदन पर सभी पांच आरोपियों को 22 अप्रैल तक ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा है। यह सभी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं।

## पेज एक का शेष

### झारखंड संयुक्त...

परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति का परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं।

**रक्षा व सेना अकादमी की भी रविवार को होगी परीक्षा** : संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (1) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (1), 2024 का आयोजन रविवार को आयोजित की जाएगी। रक्षा सेवा परीक्षा (1) 2024 प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से पूर्वाह्न 11:00 तक, द्वितीय पाली में दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न दो बजे तक तथा तृतीय पाली अपराह्न तीन बजे से अपराह्न पांच बजे तक आयोजित होगी। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (I) 2024 प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों होगी।

**परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू** : कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

### रांची में आज...

इनके साथ अखिलेश यादव, जम्मू कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला और लेफ्ट से दीपांकर भट्टाचार्य शामिल होंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और इस रैली में झामुमो के तमाम विधायक, सांसद और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

शनिवार को कार्यक्रम स्थल का झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जायजा लिया। उन्होंने रैली को लेकर कहा कि मैंने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और कल इंडिया गठबंधन का उलगुलान महारैली है। हेमंत सोरेन के गिरफ्तार होने के बाद झामुमो ने पूरे प्रदेश में न्याय यात्रा डेढ़ महीना तक चलाया, तो उसका यह समापन भी है।

उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस रैली के जरिए लोकतंत्र को बचाना है और संविधान को बचाना है। वहीं उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमने जनादेश हासिल किया था और केंद्र सरकार ने इसे अव्यवस्थित किया है। कल इस रैली के माध्यम से हम देश को बताने का काम करेंगे कि, केंद्र सरकार क्या काम कर रही है। केंद्र सरकार तानाशाह जैसा काम कर रही है।

### महारैली से झामुमो विधायक...

वे शनिवार को पाकुड़ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि, आज पूरे गठबंधन के साथ उलगुलान किया जा रहा है। अगर ऐसा कुछ था भी तो इसके लिए झामुमो अकेला ही काफी था, फिर सवाल किया कि क्या झामुमो इसके लिए अकेला सक्षम नहीं था। आगे कहा कि, झामुमो सहयोगी दलों और गठबंधन के साथ उलगुलान करे, वह स्वतंत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का केस अभी कोर्ट में है। आगे जो होना है, होगा ही।

**गुरुजी ने सच्चाई की लड़ाई लड़ी थी** : लोबिन हेंब्रम ने कहा कि गुरुजी (शिबू सोरेन) अकेले झारखंड राज्य के लिए आंदोलन कर रहे थे, तब तो कोई उनके साथ नहीं था। कोई गठबंधन नहीं था, लेकिन वह सच्चाई की लड़ाई थी। उनकी अगुवाई में कई लोगों ने अपनी कुर्बानी दी। कई लोगों पर केस भी चला। बहुत बच्चे अनाथ भी हुए। फिर राज्य अलग हुआ। तो फिर किस बात की कमजोरी है झामुमो में। ऐसी क्या जरूरत पड़ गयी उलगुलान करने की। हम महारैली में जानेवाले नहीं हैं।

### वाहनों के रूट...

- गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़, बेड़ो, इटकी, रातू, कांके, मांडर, चान्हो और बुढ़मू की ओर से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड होते दलादली और यहां से नयासराय रिंग रोड होत हुए बालालौंग मोड़ पहुंचेंगे । इसके बाद यहां से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड के बायें सखुआ और आम बगान पहुंचेंगे और यहीं वाहनों को पार्क करेंगे ।
- दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा और साहिबगंज से आनेवाले वाहन नेवरी रिंग होते हुए रामपुर रिंग रोड पहुंचेंगे । इसके बाद तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पूर्वी मैदान पहुंचेंगे और वाहन पार्क करेंगे ।
- हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो और गिरिडीह से आनेवाले वाहनों का रूट भी नेवरी रिंग से रामपुर रिंग रोड निर्धारित किया गया है । इसके बाद यहां से वाहन तुपुदाना-चांदनी चौक होते हुए प्रोजेक्ट भवन के रास्ते धुर्वा गोलचक्कर के पश्चिमी भाग पहुंचेंगे व यहीं मैदान में वाहन पार्क करेंगे ।
- जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, बुंडू, तमाड़ और सिल्ली से आनेवाले वाहन रामपुर रिंग होते हुए तुपुदाना चौक पहुंचेंगे । इसके बाद यहां से चांदनी चौक-प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर स्थित जवाहर स्टेडियम पहुंचेंगे और वाहनों को यहीं पार्क करेंगे ।
- सिमडेगा, खूंटी और गुमला से आनेवाले वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना-चांदनी चौक और प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज पहुंचेंगे और जेएनएन कॉलेज मैदान में वाहन पार्क करेंगे ।
- वीआइपी लोगों के छोटे वाहन धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग पहुंचेंगे और यहीं वाहन पार्क करेंगे ।
- मीडिया कर्मी अपने वाहन धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने संत थॉमस स्कूल के पास पहुंचेंगे और यहीं स्कूल के सामने वाहनों को पार्क करेंगे ।

### पलामू के पूर्व...

भाजपा विरोधी महागठबंधन इंडिया के घटक दल राजद ने पलामू से ममता भुइयां को अपना उम्मीदवार बनाया है। कामेश्वर बैठा के राजद छोड़ने और चुनाव लड़ने की वजह से इस सीट पर वोटों का गणित प्रभावित हो सकता है। नक्सली पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वर बैठा पलामू के चर्चित सांसद रहे हैं। उनके करीबी सूत्र बता रहे हैं कि वह 23 या 24 अप्रैल को पलामू लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बताते चलें कि, वर्ष 2009 में कामेश्वर बैठा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर लोकसभा का चुनाव जीता था। अब उन्होंने राजद से इस्तीफा दे दिया है। कामेश्वर बैठा पहले नेता नहीं हैं, जिनका लोकसभा चुनाव से पहले राजद से मोहभंग हुआ है। इसके पहले दो बड़े नेता राष्ट्रीय जनता दल छोड़ चुके हैं।

तीन दिन पहले ही पलामू प्रमंडल के ही राजद नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पार्टी पर गंभीर आरोप भी लगाए थे। कहा था कि राजद अब सभी लोगों की पार्टी नहीं रही। इसके पहले फरवरी 2024 में पलामू के एक और पूर्व सांसद घुरन राम, जो राजद के राष्ट्रीय सचिव भी थे, ने पार्टी से किनारा कर लिया था। यहां बता दें कि, पलामू में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 25 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। बता दें कि, पलामू लोकसभा सीट पर अब तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

### 'ये तो मोदी है...

उन्होंने कहा कि ये लोग दावे जो भी करें, लेकिन सच्चाई यही है कि चुनाव की घोषणा से पहले से ही कांग्रेस के नेताओं ने हार मान ली थी। हालात ये हैं कि इंडी अलायंस वालों को इस चुनाव में लड़ने के लिए उम्मीदवार भी नहीं मिल पा रहे हैं। ज्यादातर सीटों पर इनके नेता प्रचार करने ही नहीं जा रहे हैं, क्योंकि इन्हें चुनाव के परिणाम के बारे में पता है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश की जनता को यह नहीं बता पाया कि गुट का नेता कौन होगा। लोकसभा चुनाव में 25 फीसदी सीट पर विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के उम्मीदवार एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

**शहजादे को वायनाड में भी नजर आ रहा है संकट** : जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में भी संकट दिख है। इस बार कांग्रेस को इनके ही नेता वोट नहीं करने वाले हैं। राहुल गांधी को अमेठी से भागना पड़ा, वह वायनाड से भी भाग जाएंगे।

**परभणी की रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी** : महाराष्ट्र के परभणी में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव का लक्ष्य भारत को एक विकसित देश बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आतंकी हमलों पर चर्चा की जगह 'सर्जिकल स्ट्राइक' पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तो उस दौरान चर्चा के विषय क्या थे? अखबारों में कौन से विषय छपे थे ? उस समय टीवी पर किस विषय पर चर्चा होती थी हर दिन बम धमाकों की खबरें सुर्खियों में रहती थीं। पांच साल बाद 2019 में सीमा पार हमलों की चर्चा बंद हो गई। सर्जिकल स्ट्राइक और 'ये तो मोदी है घर में घुस कर मारेगा' की चर्चा शुरू हो गई।

### देश की 70 करोड़...

सरकार की जीएसटी, नोटबंदी जैसी गलत नीतिओं के कारण छोटे व्यापारी और कारोबारी समाप्त हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है।

राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर विकास कार्यों में विफल रहने के कारण देश की जनता का ध्यान भटकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह कभी आपका ध्यान इधर ले जाएंगे, तो कभी उधर भटका देंगे और जब आप इधर-उधर देखने में व्यस्त हो जाएंगे, तो प्रधानमंत्री आपका हिस्सा 10-15 गिने चुने लोगों के बीच बांट देंगे। राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर देश की संपत्तियां निजी हाथों को थमाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत के हवाई अड्डे, बिजली घर, खान, सोलर पावर और विंड पावर के यूनिट, डिफेंस सेक्टर जैसे महत्वपूर्ण चीजें अडानी के हाथों में पकड़ा दिया गया है।

राहुल गांधी ने कहा इस बार का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। एक ओर जहां राजद, कांग्रेस, लेफ्ट पार्टी और उनके सहयोगी हैं, तो दूसरी ओर बीजेपी और आरएसएस जैसी ताकतें हैं। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है, क्योंकि आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

वे लोकतंत्र पर खतरा उत्पन्न कर रहे हैं, तो दूसरी ओर इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज तक गरीब लोगों को जो मिला है, वह संविधान के कारण ही नसीब हुआ है। अगर संविधान खत्म हो जाएगा, तो जो भी प्रगति हुई है वह सब रुक जाएगी। गरीबों के लिए जो भी हो रहा है वह उसे खत्म कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के 400 पार का दवा फेल हो जाएगा। इन्हें लोकसभा चुनाव 2024 में 150 सीटों से संतोष करना पड़ेगा। उससे ज्यादा एक भी सीट नहीं मिलेगी।

### सड़क हादसे में...

कुछ लोगों का कहना है कि तिवारी दंपती मूलतः बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं। वहीं से ये लोग पश्चिम बंगाल लौट रहे थे। तभी निरसा में यह दुर्घटना घटी है।

जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब तीन से चार बजे के बीच की है। लहर के बीच स्विफ्ट कार धनबाद की ओर से तेज गति से आ रही थी। तभी कार निरसा चौक पर अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जोरदार टकरा गयी। तेज आवाज सुनते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। इस कार के ठीक पीछे एक टैंकर चल रही थी। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि दंपती चितरंजन जा रहे थे, जबकि कुछ लोगों का यह भी कहना है कि वह दोनों पश्चिम बंगाल के कोलकाता जा रहे थे। गाड़ी इतनी स्पीड में थी कि निरसा चौक पर अनियंत्रित होकर डिवाइडेड से टकरा गयी। डिवाइडर पर गाड़ी बीचोंबीच चढ़ गई। उसका सामने का दोनों चक्का खुलकर गिर गया।

**धनबाद कर दिया गया था रेफर** : गाड़ी टकराने की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और गाड़ी के अंदर बैठे गाड़ी चला रहे राजेश तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी को कार से बाहर निकाला। उस समय राजेश तिवारी बेहोश हो गए थे। उनका सिर पूरी तरह फट गया था। उनकी पत्नी का भी सिर फटा हुआ था। उन्हें भी गंभीर चोट लगी थी। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर प्रशासन पहुंचकर दोनों को एंबुलेंस के द्वारा निरसा सीएचसी भेजा, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे यह दुर्घटना घटी है।

### जेल में बंद...

फिरोजाबाद के 5 में से 4 ने इंटर की परीक्षा पास की है। मैनपुरी जेल के 6 में से 5 कैदियों ने इंटर की परीक्षा पास की है। एटा के दो कैदियों ने इंटर की परीक्षा पास की है।

मथुरा के 6 कैदियों ने हाईस्कूल और 4 ने इंटर की परीक्षा पास की है। अलीगढ़ जेल के एक कैदी ने हाईस्कूल और एक ने इंटर की परीक्षा पास की है। बुलंदशहर के 3 कैदियों ने हाईस्कूल और 10 ने इंटर की परीक्षा पास की है। बरेली के 9 कैदियों ने हाईस्कूल और 4 ने इंटर की परीक्षा पास की है।

**हाईस्कूल में 89 और इंटर में 87 कैदी हुए पास** : यूपी बोर्ड रिजल्ट 2024 लखनऊ जेल के 9 कैदियों ने हाईस्कूल और 3 ने इंटर की परीक्षा पास की है। कानपुर नगर के 4 कैदियों ने हाईस्कूल और 2 ने इंटर की परीक्षा पास की है। बहराइच जेल के दो कैदियों ने हाईस्कूल की परीक्षा पास की है। प्रतापगढ़ जेल के एक कैदी ने हाईस्कूल और 2 ने इंटर की परीक्षा पास की है। यूपी बोर्ड से मिले आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की जेलों से 115 कैदियों ने हाईस्कूल के लिए पंजीकरण कराया था। इनमें से 91 ने परीक्षा दी और 89 पास हुए। इनके पास होने का प्रतिशत 97.80 प्रतिशत रहा। वहीं इंटर में कुल 135 ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 105 परीक्षा में शामिल हुए और 87 पास हुए हैं।

### कांग्रेस के दिग्गज...

ललन चौबे ने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट से 11 लोगों ने टिकट के लिए दावेदारी की थी। पार्टी के निर्णय से आहत होकर हजारों समर्थकों के साथ शुक्रवार को उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रभारी को भेज दिया है। जल्द ही समर्थकों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति की घोषणा करेंगे। प्रेस वार्ता में इंटक नेता धर्मेंद्र सिंह, रोहित सिंह, कृष्णकांत तिवारी, सोनू सिंह, विजय चौबे थे।

### भारत अब बड़े...

बताते चलें कि, देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, वाहन चालकों द्वारा हिट-एंड-रन के मामलों से संबंधित प्रावधान तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को अपनी सहमति दे दी। सीजेआई ने कहा कि तलाशी और जब्ती की ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग अभियोजन के साथ-साथ नागरिकों की नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। न्यायिक जांच तलाशी और जब्ती के दौरान प्रक्रियात्मक अनौचित्य के खिलाफ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगी।

### गिरफ्तारी से...

इसके जवाब में आप नेता आतिशी ने कहा कि, रिपोर्ट ने भाजपा की "साजिश" को "पर्दाफाश" कर दिया है। उन्होंने पूछा, "भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश चल रही है। मुख्यमंत्री 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं, तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में क्या दिक्कत है?" दिल्ली के मंत्री ने यह भी दावा किया कि जेल जाने से पहले केजरीवाल रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन लेते थे। अधिकारियों ने तिहाड़ रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल जो मधुमेह के लिए तेलंगाना स्थित एक निजी डॉक्टर की देखरेख में हैं, ने कुछ महीने पहले इंसुलिन लेना बंद कर दिया था और अपनी गिरफ्तारी के समय, वह मेटफॉर्मिन नामक एक बुनियादी मधुमेह रोधी मौखिक गोली ले रहे थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तिहाड़ जेल में अपने मेडिकल चेक-अप के दौरान केजरीवाल ने डॉक्टरों को बताया कि वह "पिछले कुछ वर्षों से इंसुलिन ले रहे थे और कुछ महीने पहले इसे लेना बंद कर दिया था।"

बता दें कि, अरविंद केजरीवाल को दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं।

आरएमएल अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड के अनुसार, केजरीवाल को "न तो किसी इंसुलिन की सलाह दी गई थी और न ही इंसुलिन की कोई आवश्यकता बताई गई थी"। तिहाड़ रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य की समीक्षा 10 अप्रैल और 15 अप्रैल को एक दवा विशेषज्ञ द्वारा की गई थी। इसमें कहा गया है कि विशेषज्ञ ने मौखिक मधुमेह रोधी दवाओं की सलाह दी और यह कहना गलत है कि इलाज के दौरान केजरीवाल को किसी भी समय इंसुलिन देने से इनकार किया गया था। मेडिसिन विशेषज्ञ ने केजरीवाल की जांच करने के बाद कहा, "न्यायिक हिरासत में रहने के बाद से विचाराधीन कैदी (केजरीवाल) के सभी मापदंडों और महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखते हुए, उनके रक्त शर्करा का स्तर चिंताजनक नहीं है, और फिलहाल इंसुलिन की आवश्यकता नहीं है।"तिहाड़ प्रशासन ने एम्स को लिखे पत्र में आप प्रमुख के लिए आहार योजना की मांग करते हुए कहा कि केजरीवाल उच्च चीनी वाला भोजन खा रहे हैं। जैसे कि "मिठाई, लड्डू, केला, आम, फलों की चाट, तला हुआ भोजन, नमकीन, भुजिया, मीठी चाय, पूरी-आलू, अचार और नियमित रूप से अन्य उच्च कोलेस्ट्रॉल वाले भोजन।"इसमें कहा गया है कि एम्स द्वारा प्रदान की गई आहार योजना में उनके द्वारा खाए जाने वाले अधिकांश खाद्य पदार्थों को "सख्ती से प्रतिबंधित" किया गया है। केजरीवाल को अपने भोजन में प्रति दिन केवल 20 मिलीलीटर तेल का सेवन करने की अनुमति है। तिहाड़ प्रशासन ने कहा है कि सरकारी सर्कुलर के मुताबिक, किसी भी निजी अस्पताल में रेफर नहीं किया जा सकता, जैसा कि केजरीवाल अपने डॉक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए मांग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जेल डिस्पेंसरी में इंसुलिन की पर्याप्त उपलब्धता है और इसे केजरीवाल को "जब जरूरत होगी" दिया जा सकता है।

## पंजाब में दो मंजिला मकान गिरा, पांच मजदूर दबे, तीन की मौत

रूपनगर। पंजाब में रूपनगर में एक बड़ा हादसा हुआ जहां एक मकान में काम कर रहे मजदूर मकान गिरने से दब गए जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर के अभी दबे होने की आशंका है। मजदूर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव-अभियान जारी है। जानकारी के मुताबिक पंजाब में रूपनगर जिले की प्रीत कॉलोनी में दो मंजिला मकान ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अभी भी मलबे में फंसा हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मलबे में फंसे मजदूर को बाहर निकालने के लिए दूसरे दिन भी बचाव-अभियान जारी है। यह घटना गुरुवार को उस वक्त हुई जब मजदूर मकान का लेंटर ऊंचा कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि मकान मालिक फरार है। रूपनगर के एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना ने बताया कि मकान ढहने से कुल पांच मजदूर मलबे में दब गये थे, जिसमें से तीन की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जब मजदूरों को बाहर निकाला गया, तो दो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक मजदूर का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि एक मजदूर अभी भी मलबे में फंसा हुआ है और उसे बाहर निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि हरियाणा के एक ठेकेदार ने मजदूरों को इस काम पर लगाया था। जब इमारत गिरी तो जोर से धमाके की आवाज सुनाई दी। घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है। मकान ढहने की सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, पंजाब पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर बचाव-अभियान के लिए पहुंची गई।

## दिल्ली में भाजपा की टीमें नुक्कड़ नाटक कर करेंगी चुनाव प्रचार

नई दिल्ली। दिल्ली में भाजपा की 163 टीमें 1 से 23 मई तक सातों सीटों पर 8000 नुक्कड़ नाटक से प्रचार करेंगी। ये टीमें शहरी इलाके में अंग्रेजी व अनधिकृत कॉलोनियों में प्रादेशिक भाषाओं में प्रधानमंत्री के विकास के संदेश व केजरीवाल सरकार की कमियों से जनता को रूबरू कराएंगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी कार्यालय के बाहर नुक्कड़ नाटक का ट्रॉयल भी देखा। इस दौरान चुनाव संचालन समिति प्रमुख अजय महावर, सह प्रमुख योगिता सिंह एवं गजेंद्र यादव, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं विक्रम मित्तल के अलावा नुक्कड़ नाटक समिति के प्रमुख सदस्य अनुज शर्मा के साथ ही पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर सचदेवा ने बताया कि नुक्कड़ नाटकों के साथ ही पपेट शो, मैजिक शो, कवि गोष्ठी, म्यूजिक बैंड और फ्लेश मॉब से मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाया जाएगा। इसके अलावा केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की भी पोल खोली जाएगी। नाटकों के कुछ शो अंग्रेजी एवं प्रादेशिक भाषाओं में भी होंगे। यह सांस्कृतिक अभियान एक मई को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रारंभ होगा। इससे पहले 21 अप्रैल को आईजी स्टेडियम में मंदिर प्रकोष्ठ के माध्यम से एक कार्यक्रम होगा। इसमें भजन गायक हंसराज रघुवंशी प्रस्तुति देंगे और लोगों को विकसित भारत का संदेश दिया जाएगा।

## संघ के खिलाफ बयान देकर फंसे संजय सिंह, चुनाव आयोग से शिकायत


नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने आरक्षण को खत्म करने की बात कही है, संघ आरक्षण विरोधी है। संजय सिंह संघ परिवार के निशाने पर आ गए हैं। उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह अपने पक्ष को मजबूत दिखाने के लिए संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य का एक पुराना वीडियो भी चलाया। जिस पर विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि आप नेता संजय सिंह बयानों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं और देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस मामले में बंसल ने चुनाव आयोग से संजय सिंह की शिकायत भी की है। विनोद बंसल ने ट्वीट कर कहा कि लगता है बेल पर छूटे झूठे नेता संजय सिंह फिर जेल जाने की जल्दी में हैं! इस बार उन्होंने अपनी गंदी जुबान से जिस पर कीचड़ उछला है वह विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। संजय सिंह और आम आदमी पार्टी ने माफी नहीं मांगी तो दिल्ली की जनता भी उन्हें नहीं छोड़ेगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को ईडी द्वारा रियायत दिए जाने के बाद दिल्ली शराब नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को जमानत दे दी। हाल ही में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी ईडी ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इस मामले में मनीष सिसोदिया भी न्यायिक हिरासत में हैं।

## नागालैंड में अलग राज्य की मांग के चलते किसी ने नहीं डाला वोट

कोहिमा। पूर्वी नागालैंड के छह जिलों में अलग से राज्य बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। नागा संगठनों द्वारा चुनाव से दूर रहने के आह्वान के कारण क्षेत्र के लगभग चार लाख मतदाताओं में से कोई भी नहीं आया। अन्य जगहों पर, राज्य की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत हुए मतदान में लगभग 57 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नागा निकायों द्वारा गुरुवार शाम से अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के बावजूद, चुनाव आयोग ने राज्य के 60 विधानसभा क्षेत्रों में से 20 को कवर करने वाले छह जिलों में मतदान कराने के लिए सभी प्रयास किए। पूर्वी नागालैंड क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 20 विधायकों ने भी छह जिलों की सात जनजातियों की शीर्ष संस्था ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के मतदान से दूर रहने के आह्वान का जवाब देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया।ईएनपीओ को कारण बताओ नोटिस में, नागालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर व्यासन ने आदिवासी निकाय द्वारा दिए गए विरोध आह्वान के लिए भारतीय दंड संहिता के तहत उचित कार्रवाई करने का संकेत दिया है।


## सलमान खान ने दुबई से वीडियो शेयर किया, बोले- फायरिंग पर कुछ नहीं बोलूंगा...

मुंबई। मशहूर फिल्म अभिनेता सलमान की सुरक्षा को लेकर उनके फैंस काफी चिंतित है। बीते रोज बुलट प्रूफ गाड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे खान दुबई के लिए रवाना हो गए हैं। बॉलीवुड के 'दबंग खान' ने अपना वीडियो दुबई से शेयर किया है। हाल ही में टाइट सिक्योरिटी के बीच अपनी बुलेट प्रूफ गाड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे थे, जहां से दुबई के लिए रवाना हुए। हर कोई ये जानने के बेकरार था कि आखिर भाईजान दुबई क्यों जा रहे हैं? अब उन्होंने इस वीडियो से साफ किया है कि आखिर क्यों वह दुबई पहुंचे हैं। सलमान खान एक बड़े इवेंट में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचे हुए हैं। इस इवेंट का नाम कराटे कॉमबैट है। इस इवेंट ने शामिल होने के लिए जिस शख्स ने उन्हें बुलाया था, उससे एक्टर का सालों पुराना कनेक्शन निकला, जिससे खुद दबंग खान हैरान थे। ये इवेंट आज होने वाला है। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसको शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है- 'उम्मीद है कल आपसे मुलाकात होगीज' वीडियो में सलमान कहते हैं, 'तो मैं अभी दुबई में हूं और मैं कराटे कॉम्बैट नाम के इस इवेंट में शामिल होने जा रहा हूं। मैं उस घटना के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा जो आपने स्वयं देखी है, लेकिन मैं आपके साथ एक कहानी साझा करना चाहता हूं। मैं इस बच्चे को जानता हूं, जब वो 2 साल का था और इसी उम्र से ताइक्वांडो, जुजित्सु कर रहा था और फिर एक दिन हमारा संपर्क टूट गया।उन्होंने आगे कहा- 'आज ही मुझे पता चला कि कराटे कॉम्बैट का अध्यक्ष वही लड़का है और उसका नाम आसिम है'। इसके बाद सलमान ने वीडियो में आसिम से अपने फैंस को भी मिलवाया। आसिम ने बताया कि सलमान ने उन्हें एक्शन करने में काफी मदद की और मेंटॉर किया। सलमान ने आसिम की इस बात के लिए तारीफ करते हुए बताया कि वह बड़ी आसानी से मेरे तक पहुंच सकता था, लेकिन उन्होंने उन तक वापस पहुंचने के लिए सही सोर्सस का इस्तेमाल किया, जो प्रोसेस होता है, उसे फॉलो किया। आपको बता दें कि इससे पहले सलमान ने एक और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था, जिसमें बताया गया था कि सलमान दुबई अपनी कंपनी बीइंग स्ट्रॉन्ग के फिटनेस इक्विप्टमेंट लॉन्च करने दुबई जा रहे हैं।



# अपनी कमाई से अर्जित संपति को गैंगस्टर एक्ट के तहत नहीं कर सकते कुर्क

**- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम के आदेश को मनमाना मानते हुए किया रद्द**



**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम के आदेश को मनमाना मानते हुए उसे रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि अपनी कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने डीएम से इस मामले में नए सिरे से विचार कर आदेश पारित करने को कहा है।

संभल जिले के हजरत नगरगढ़ी थाने में गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी पर डीएम के आदेश को कोर्ट ने रद्द कर दिया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति गजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने रजी हसन और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने डबल स्टोरी मकान खुद की कमाई से बनाया है। न कि गैंगस्टर रहबर हसन द्वारा अवैध तरीके से एकत्र किए धन से। डीएम ने उक्त मामले में पुलिस रिपोर्ट को आधार मानते हुए संपत्ति कुर्की का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है, जिसका पालन किया जाना अनिवार्य था। डीएम ने यह आदेश बिना सोचे समझे यांत्रिक तरीके से पारित कर दिया जो कि मनमाना है।

मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप था कि उसने डबल स्टोरी का मकान अवैध रूप से अर्जित संपत्ति से बनवाया है। वह एक गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो लोगों को डराना, धमकाने के साथ पैसे की वसूली करवाता है। लोगों में भय और आतंक फैलाता है, यही वजह है कि कोई भी उनके खिलाफ गवाही देने की हिम्मत नहीं करता। वे लगातार अपराध में लिप्त हैं और उन्हें स्वतंत्र रखना सुरक्षित नहीं है। लिहाजा, प्राथमिकी दर्ज कर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। डीएम ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर उसकी संपत्ति को कुर्क करने का आदेश पारित कर दिया। डीएम के आदेश को याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी जिस पर कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद डीएम के आदेश को रद्द कर दिया।

## ओडिशा में नाव पलटने से सात लोगों की मौत, सीएम ने की सहायता की घोषणा

**- नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 50 लोग सवार थे, मछुआरों ने 40 को बचाया**

झारसुगुड़ा। ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक नदी में नाव पलटने से उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 50 लोग सवार थे। कई लोग लापता भी हो गए थे। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुख जताया है और दुर्घटना में मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार घटना झारसुगुड़ा के लखनपुर ब्लॉक के सारदा के पास महानदी नदी में घटित हुई। बताया जा रहा है कि एक नाव बच्चों और महिलाओं को लेकर जा रही थी, जो अचानक पलट गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई है। नाव जैसे ही पलटी, चीख-पुकार मच गई। रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं स्थानीय मछुआरों ने तुरंत लोगों को बचाने में जुट गए। डीजी ने बताया कि सूचना के बाद रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया था। रेस्क्यू अभियान गोताखोरों की मदद से चलाया गया। दो स्पेशलिस्ट स्कूबा गोताखोरों को पानी के नीचे कैमरों के साथ उतारा गया। रेस्क्यू के लिए झारसुगुड़ा के लिए भुवनेश्वर से टीम भेजी गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बरगढ़ जिले के बांधीपाली क्षेत्र से एक नाव यात्रियों को लेकर जा रही थी। जब नाव पलटी, उस समय कुछ स्थानीय मछुआरे मौजूद थे, जिन्होंने नदी मे डूब रहे 40 से अधिक लोगों को बचाया। वहीं जो लोग लापता हो गए थे, रेस्क्यू टीम को उनके शव मिले हैं।



# लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच मुकाबला : अजित पवार

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि यह लोकसभा चुनाव पारिवारिक संबंधों को लेकर नहीं बल्कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच एक मुकाबला है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पुणे जिले की बारामती लोकसभा सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की उम्मीदवार हैं। सुनेत्रा ने शनिवार को कन्हेरी में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर आधिकारिक तौर पर अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया।



चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत के लिए अजित पवार, उनके बेटे पार्थ और जय के अलावा पार्टी के कई स्थानीय नेता भी मौजूद थे। सुनेत्रा और उनकी ननद एवं तीन बार की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने क्रमशः राकांपा और राकांपा (शरदचंद्र पवार) की उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अजित पवार ने भी इस सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। राकांपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि उनकी पत्नी का नामांकन खारिज होने अथवा उसमें कोई विसंगति पाए जाने की स्थिति में इसे एक वैकल्पिक योजना के रूप में तैयार किया गया है।


अजित पवार ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''हम भगवान हनुमान से प्रार्थना करने के बाद आधिकारिक तौर पर अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर रहे हैं। यह चुनाव पारिवारिक रिश्तों को लेकर नहीं है। यह लोकसभा चुनाव पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी के बीच का मुकाबला है।''

इससे पहले, सुप्रिया सुले ने शुक्रवार को अपने पिता, राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार और पवार परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में हनुमान मंदिर में पूजा करके अपना चुनाव अभियान शुरू किया। अजित पवार ने कहा, ''कल, पवार परिवार के सभी सदस्य शरद पवार साहब के बगल में बैठे थे। उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया कि पूरा परिवार एकजुट है। उनमें से एक व्यक्ति ने यह दावा किया कि शरद पवार ने बारामती में सभी विकास कार्यकिए। उस स्थिति में, मैंने पिछले 30 वर्षों में क्या किया है?''

राकांपा महायुति गठबंधन का एक घटक दल है, जिसमें शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी शामिल हैं।जबकि राकांपा (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने एकजुट होकर महा विकास आघाडी (एमवीए) नामक गठबंधन बनाया है। शरद पवार परिवार के गढ़ माने जाने वाले बारामती में सात मई को मतदान होगा।

## अशोक चव्हाण को जेल भेजने का वादा कब पूरा होगा, कांग्रेस ने पीएम मोदी से पूछा

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का उल्लेख कर कहा कि पीएम मोदी को बताना चाहिए कि क्या वह चव्हाण को जेल भेजने का अपना 10 साल पुराना वादा पूरा कब करने वाले है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, शनिवार को प्रधानमंत्री नांदेड़ और परभणी में सभा को संबोधित करने जा रहे हैं। उनसे हमारे सवाल हैं। क्या प्रधानमंत्री भाजपा के राज्यसभा सदस्य चव्हाण को जेल में डालने का अपना वादा निभाएंगे? मराठवाड़ा में सूखे और पानी की कमी से निपटने के लिए भाजपा के पास क्या योजना है? नांदेड़ मंडल में भारतीय रेलवे इतनी खराब स्थिति में क्यों है? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को 30 मार्च, 2014 को नांदेड़ में दिए गए अपने भाषण के शब्दों को याद करना चाहिए। तब उन्होंने तब के कांग्रेस नेता चव्हाण पर तीखा हमला बोला था, जो अब भाजपा वाशिंग मशीन योजना के नए लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री ने चव्हाण को आदर्श उम्मीदवार बताकर कहा था कि अगर वे प्रधानमंत्री बने, तब चव्हाण को छह महीने के भीतर जेल भेज दूंगा। चव्हाण का नाम महाराष्ट्र के बहुचर्चित आदर्श सोसाइटी घोटाले में आया था।



कांग्रेस नेता रमेश ने सवाल किया, क्या प्रधानमंत्री मोदी भाजपा को भी बेशर्म मानते हैं? क्या वह चव्हाण को जल्द ही क्लीन चिट दिलाने की तैयारी कर रहे हैं। क्या वे भाजपा के राज्यसभा सदस्य चव्हाण को जेल में डालने का अपना वादा पूरा करने वाले हैं।

कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र के कुछ इलाकों के सूखाग्रस्त होने को लेकर भी प्रधानमंत्री से सवाल किए। उन्होंने कहा कि पिछले चार महीने से सूखे की स्थिति से जूझने के बाद मराठवाड़ा क्षेत्र अब बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की चपेट में आ गया है।

## सिसोदिया की जमानत अर्जी का विरोध कर सीबीआई ने कहा, वे घोटाले के मास्टरमांइड, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अर्जी पर सुनवाई हुई। सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत अर्जी का पुरजोर विरोध करते हुए उन्हें घोटाले का मास्टरमाइंड और किंगपिन करार दिया। जांच एजेंसी की दलीलों को सुनने के बाद ट्रायल कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अब अदालत 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। दिल्ली की निरस्त आबकारी नीति मामले में सिसोदिया महीनों से जेल में बंद हैं।

सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार में शामिल होने की मांग करते हुए ट्रायल कोर्ट में अंतरिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी। सिसोदिया के वकील ने कहा कि अब अदालत नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित कर चुकी है, इसकारण अंतरिम जमानत की याचिका वापस ले रहे हैं। दूसरी ओर, सीबीआई ने सिसौदिया की नियमित जमानत अर्जी का विरोध कर कहा कि उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। सीबीआई ने उन्हें शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने कहा कि सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं, इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। जांच एजेंसी ने दलील दी कि जमानत दी गई तब सिसोदिया सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। सीबीआई ने कहा कि सिसोदिया किंगपिन हैं, वह मास्?टरमाइंड हैं। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है।

# हम जेल से नहीं डरते, हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत कीजिए

**-केरल के सीएम पिनाराई विजयन का राहुल गांधी के बयान पर पलटवार**



**कोझिकोड (एजेंसी)।** केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ऐसा क्यों है कि ईडी ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने विजयन पर निशाना साधते हुए कहा था कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के सीएम विजयन उन पर हमले क्यों कर रहे हैं। राहुल ने यह भी कहा था कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की थी, उनकी लोकसभा सदस्यता और घर भी छीन लिया और वर्तमान में विपक्ष के दो मुख्यमंत्री जेल में बंद है, लेकिन केरल के सीएम विजयन के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में राहुल गांधी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उनको और वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। विजयन ने कहा आपकी दादी ने हममें से ज्यादातर लोगों को डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। विजयन ने कहा हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत कीजिए।

विजयन ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का हवाला देते हुए तंज कसा कि हम वामपंथी नेता अशोक चव्हाण की तरह रोने वाले नहीं हैं और यह नहीं कहते हैं कि हम जेल नहीं जा सकते। उन्होंने प्रियंका गांधी पर भी हमला बोला और उनके पति रॉबर्ट वाद्रा और एक रियल एस्टेट कंपनी से संबंधित चुनावी बॉण्ड के मुद्दे का उल्लेख किया। विजयन ने कहा कि प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप और मामले थे, लेकिन कंपनी द्वारा 2019-2022 के दौरान भाजपा को चुनावी बॉण्ड के रूप में 170 करोड़ रुपये दिए जाने के बाद वे खत्म हो गए। राहुल गांधी और राज्य के 17 यूडीएफ सांसदों पर तीखा हमला करते हुए विजयन ने कहा कि उनमें से किसी ने भी संसद में केरल के अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाई।

# अश्लीलता में बच्चों के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अश्लील सामग्री के निर्माण में बच्चों के उपयोग पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने चिंता जाहिर की है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठनों (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस ऑफ फरीदाबाद और नयी दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन) की अपील पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं। दोनों संगठन बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ क अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, हो सकता है कि एक बच्चे का अश्लील सामग्री देखना अपराध नहीं हो, लेकिन अश्लील सामग्रियों के निर्माण में बच्चों का इस्तेमाल किया जाना अपराध हो सकता है और यह गंभीर चिंता का विषय है।' मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि केवल बाल अश्लील सामग्री डाउनलोड करना और देखना बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है।

शीर्ष अदालत ने बाल अधिकार निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को मामले में हस्तक्षेप करने और 22 अप्रैल तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दी। सीजेआई ने कहा, 'बहस पूरी हो गई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को मद्रास उच्च न्यायालय के उस फैसले को भयावह करार दिया था, जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना पॉक्सो अधिनियम और आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है। हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाई करने के लिए भी उच्च न्यायालय राजी हो गया था।

हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द भी कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप लगाया गया था। दो संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का ने उच्च न्यायालय के फैसले से असहमति जताई और पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया। पीठ ने कहा कि यदि किसी को इनबॉक्स में ऐसी सामग्री मिलती है तो संबंधित कानून के तहत जांच से बचने के लिए उसे हटा देना होगा या नष्ट कर देना होगा। पीठ ने कहा कि अगर कोई बाल अश्लील सामग्री को नष्ट न करके सूचना प्रौद्योगिकी प्रावधानों का उल्लंघन करना जारी रखता है तो यह एक अपराध है। कथित क्लिप 14 जून 2019 को उसके पास आई थी। उच्च न्यायालय ने आरोपी को बरी कर दिया था और आरोपी के वकील ने कहा कि सामग्री उसके व्हाट्सऐप पर ऑटोमेटिकली डाउनलोड हो गई थी। इससे पहले मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर पर्याप्त परिपक्वता दिखानी चाहिए। अदालत ने 28 वर्षीय एस हरीश के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है।



# भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

## पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।



**लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन–** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक ( 125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक ( 97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

**दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति** – दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया ( 86 किग्रा ) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट ( 50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

# धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया।

चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

### 1. 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

### 2. धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट

चेन्नई के एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### 3. धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं। धोनी के बाद आरसीबी के दिनेश कार्तिक ने बतौर विकेटकीपर 228 मैचों में 4363 रन बनाए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी

# फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई. इसके अलावा जैसे दो टीमों का नाम लिखा जाता हैं, वहां बीच में वेड्स लिखकर कपल का नाम लिखा गया. इसके आगे शादी का दिन और तारीख वेन्यू के साथ लिखी गई. इस कार्ड को बड़े ही क्रिएटिव तरीके के डिजाइन किया गया है.

## लखनऊ में आईपीलएल कप्तानों पर बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह मैच तो होम टीम जीत गई। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माना लगाया है।

आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन फाइन लग चुका है।



# केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.



आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.




# क्या कोलकाता में आरसीबी खत्म करेगी अपनी हार का सिलसिला?

**कोलकाता, एजेंसी।** हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है। लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंक तालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। ऐसे में केकेआर के खिलाफ आरसीबी मैच जीतने में पूरा जोर लगा देगी। तो आइये ऐसे में जानते हैं कि मैच में दोनों टीमों की प्लेइंग 11 क्या हो सकती है।

किन 11 पर आरसीबी जताएगी भरोसा?

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था ,'गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।'




सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11 . 89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिये। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिये जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं।

केकेआर के खिलाफ आरसीबी की संभावित 11- फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, विल जैक्स, रजत पाटीदार, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक, महिपाल लोमरोर, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद सिराज, कर्ण शर्मा, आकाश दीप।

### किस प्लेइंग के साथ उतरेगी केकेआर?

कोलकाता नाइटराइडर्स यानी केकेआर को पिछले मैच में आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स ने हराया था। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाये हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला टी20 शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है। फिल साल्ट ने 151 से अधिक की औसत से रन बनाये हैं। उनके पास रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे खतरनाक बल्लेबाज भी हैं। केकेआर अभी शानदार फॉर्म में चल रही है। ऐसे में वह शायद ही अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव करें।

आरसीबी के खिलाफ केकेआर की संभावित प्लेइंग 11- फिल सॉल्ट, सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर (कप्तान), आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमनदीप सिंह, मिचेल स्टार्क, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# टिम डेविड और पोलार्ड पर बीसीसीआई ने लगाया जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी।** एमआई के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी टीम के मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की तरफ से टिम डेविड और पोलार्ड पर जुर्माना लगाए जाने को लेकर दी गई जानकारी में बताया गया कि दोनों पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के लेवल 1 का अपराध किया है। इसके चलते डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस आचार संहित के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। दोनों ने ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। डीआरएस का उपयोग करते समय खिलाड़ियों को मैदान के बाहर से किसी की मदद लेने की अनुमति नहीं है। आईपीएल का






फैसला एक वीडियो के वायरल होने के बाद आया है, जिसमें डगआउट में मुंबई इंडियंस टीम के सदस्यों और सहयोगी स्टाफ को कथित तौर पर रिव्यू मांगने का निर्णय लेने में सूर्यकुमार यादव को अवैध सहायता प्रदान करते हुए दिखाया गया है। टेलीविजन कैमरों में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर को यादव को इशारा करते हुए दिखाया गया कि उन्होंने जिस डिलीवरी का सामना किया, वह वाइड थी। डेविड और पोलार्ड ने बल्लेबाज से अर्शदीप सिंह की गेंद की समीक्षा करने का आग्रह किया जो फुल और वाइड फेंकी गई थी।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान जब 15वें ओवर में सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस समय अर्शदीप सिंह की एक गेंद पर दोनों ने डगआउट से वाइड गेंद को लेकर डीआरएस लेने का इशारा किया था, जिसके बाद इसको लेकर पंजाब किंग्स के कप्तान ने भी आपत्ति जताई थी। सूर्या ने इसके बाद डीआरएस ले लिया था और तीसरे अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दे दिया था।




## संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

# उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू को नहीं भूलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?

मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेंज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

### रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया

रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।



## आईफोन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में हिस्सेदारी खरीद सकता है टाटा समूह

**नई दिल्ली ।** टाटा समूह भारत में आईफोन का मैन्युफैक्चरिंग करने वाली पेगाट्रॉन कॉरपोरेशन पेगाट्रॉन के साथ डील कर सकता है। जानकारी के मुताबिक ऐसा कहा जा रहा है कि ये डील मई महीने में फाइनल हो सकती है। अगर ये डील होती है तो माना जा रहा है कि एपल इंक और टाटा ग्रुप के बीच के संबंध और मजबूत होंगे। एपल का हैंडसेंट एसेंबल करने वाली इस ताइवानी कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक खरीदने का प्रोसेस अंतिम चरण में हैं। बता दें कि आईफोन का प्रोडक्शन प्लांट चेन्नई के पास है, जबकि एक और प्लांट लगाने के लिए काम चल रहा है। सूत्रों के मुता बिक इस डील के बाद पेगाट्रॉन टाटा ग्रुप को मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में मदद कर सकती है। डील पूरी होने के बाद टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड पेगाट्रॉन के ऑपरेशंस को चलाएगी। बता दें कि इससे पहले भी दोनों इकाइयों के बीच बातचीत की खबरें आई थीं। वहीं इस ताजा खबर को लेकर टाटा ग्रुप और पेगाट्रॉन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।




# घरेलू शेयर बाजारों में पूरे हफ्ते गिरावट बनी रही

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में युद्ध की आशंका ही हावी रही। ईरान और इजरायल के तनाव के बीच बाजार में गिरावट देखने को मिली। एफआईआईएस ने जोरदार बिकवाली की, जिससे दुनिया भर के बाजारों में गिरावट नजर आई। घरेलू शेयर बाजारों में पूरे हफ्ते गिरावट बनी रही। बीते सप्ताह बुधवार को रामनवमी पर्व के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से पांच में से केवल चार दिन ही घरेलू शेयर बाजार में कारोबार हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिख रही है। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेसेक्स और निफ्टी फिसल गए हैं। बीएसई का सेंसेक्स 757.55 अंकों की गिरावट के साथ 73,487.35 पर खुला और 845.12 अंकों की गिरावट के साथ 73,399.78 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 242.61 टूटकर 22,276.80 के स्तर पर खुला और 246.91 अंक टूटकर 22,272.50 पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में एक बार फिर कमजोर शुरुआत हुई है। सेंसेक्स 346.34 अंकों की कमजोरी के साथ 73,071.29 पर खुला और 461.78 अंकों की बढ़त के साथ 72,938.00 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 93.35 अंक फिसलकर 22,179.15 पर खुला और 124.60 अंक फिसलकर 22,147.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स 14.50 अंक फिसलकर 72,924.01 पर खुला और 454.69 अंकों की गिरावट के साथ 72,488.99 के स्तर पर बंद हुआ।




निफ्टी 18.35 अंकों की बढ़त के साथ 22,166.25 पर खुला और -152.06 अंक टूटकर 21,995.85 पर बंद हुआ। लगातार पांचवें दिन प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। शुक्रवार को सेंसेक्स करीब 600 अंक फिसलकर 72,000 पर खुला और 599.34 अंकों की बढ़त के साथ 73,088.33 पर बंद हुआ। निफ्टी करीब 150 अंक टूटकर 21800 पर खुला और 151.16 अंक मजबूत होकर 22,147.00 पर बंद हुआ।

## देश के कुछ राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव



**नई दिल्ली ।**

इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल में तेजी का रुख जारी है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 90.20 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ।

हालांकि क्रूड में आई इस तेजी का पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 20 अप्रैल के लिए

प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.53 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.94

## टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत दौरा टला

### - भारत में हो सकता है टेस्ला का प्रवेश

**नई दिल्ली ।**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत दौरा फिलहाल टल गया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी गई है। बता दें कि मस्क 21 से 22 अप्रैल दो दिनों के लिए भारत के दौरे पर आने वाले थे। इस दौरान वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करने वाले थे। इस मुलाकात को लेकर मस्क ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके लिखा था कि के कि वे पीएम मोदी से मिलने के लिए उत्साहित हैं। वहीं मस्क के भारत दौरे को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस दौरे में भारत में टेस्ला का प्रवेश, निवेश और एक नई फैक्ट्री खोलने को लेकर कोई बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं। ऐसा अनुमान था कि इस दौरे के बाद से उपग्रह आधारित मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवा स्टारलिंक को देश में शुरू करने के एजेंडे को भी आगे बढ़ा सकते हैं। स्टारलिंक दुनिया के 70 देशों में पहले से ही सेवाएं दे रही है। कंपनी ने जीएमसीएस लाइसेंस के लिए नवंबर 2022 में आवेदन किया था लेकिन अभी तक उसे सरकार से हरी झंडी नहीं मिली है। मस्क के लिए यह उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। 2021 में मस्क




ने देश में शोरूम खोलने और टेस्ला की कारें आयात कर देश में बेचने की योजना बनाई थी। इसके लिए टेस्ला ने बेंगलूरु में टेस्ला इंडिया मोटर्स ऐंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई बनाई थी। इसे सरकार से कंपनी की दो कारों मॉडल 3 और मॉडल वाई के लिए होमोलॉगेशन प्रमाण पत्र भी मिल गया था। होमोलॉगेशन प्रमाणपत्र का मतलब है कि उक्त कारें भारत की सड़कों पर चलने के लिए उपयुक्त हैं।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट

### - पाकिस्तान के भी हालात ठीक नहीं

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 793 अंक टूट गया था। इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखा है। बीते 12 अप्रेल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.401 बिलियन डॉलर ` गिरकर 643.162 बिलियन डॉलर का ही रह गया है। इससे पहले, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी हालात कुछ ठीक नहीं हैं। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। यह ऑल टाइम हाई है। इससे पहले अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में भी कमी हुई है। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां में 6.513 बिलियन की कमी हुई है। इन दिनों भारतीय रिजर्व बैंक सोने



का स्टॉक बढ़ा रहा है। तभी 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह गोल्ड रिजर्व में 124 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना सोने का भंडार 55.798 बिलियन हो गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के मुद्रा भंडार में भी कमी हुई है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। हालात ऐसे हैं कि वहां काम की चीजें मंगाने लायक भी विदेशी मुद्रा का भंडार नहीं बचा है। इसलिए बेहद संभल कर आयात करना पड़ता है। बीते 12 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां का विदेशी मुद्रा भंडार 48 मिलियन डॉलर घट गया। इससे पहले बीते 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के भंडार में बढ़ोतरी हुई थी। अब वहां 13.37 अरब डॉलर का ही विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है।

## देश के कुछ राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव



**नई दिल्ली ।**

इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल में तेजी का रुख जारी है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 90.20 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ।

हालांकि क्रूड में आई इस तेजी का पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 20 अप्रैल के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी कर दिया है। आंध्रा प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में ईंधन की कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.53 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 94.94 रुपये और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 106.06 रुपये और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर है।

## विप्रो के 6 हजार कर्मचारियों की संख्या घटी

**नई दिल्ली ।**

आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी विप्रो के कर्मचारियों की संख्या मार्च तिमाही में 6,180 घट गई। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह लगातार छठवीं तिमाही है, जब विप्रो के कर्मचारियों की संख्या में गिरावट देखी गई है। ये ऐसा समय जब है जब इस सेक्टर की कंपनियां कर्मचारियों के यूटिलाइजेशन को बेहतर बनाने और एट्रिशन रेट को कम करने पर फोकस कर रही हैं। विप्रो का एट्रिशन रेट तिमाही आधार पर 14.2 फीसदी के सपाट रहा। बता दें कि कर्मचारियों के खुद से नौकरी छोड़ने यानी रिजाइन करने की दर को एट्रिशन रेट कहते हैं। इससे पहले इंफोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी दूसरी बड़ी आईटी कंपनियों में यही दौर देखने को मिला था। टीसीएस में भी कर्मचारियों की संख्या में वित्त वर्ष 2024 में कमी आई थी, कंपनी के 13,249 कर्मचारी घटे थे। वहीं इंफोसिस के कर्मचारियों की संख्या में 25,994 की गिरावट आई। ये साल विप्रो के लिए चुनौती भरा रहा है। साल 2023 में कंपनी के टॉप मैनेजमेंट के करीब 10 फीसदी से अधिक कर्मचारियों ने नौकरियां छोड़ीं। इसमें कंपनी के चीफ ग्रोथ ऑफिसर स्टेफनी ट्रौटमैन, चीफ फाइनेंस ऑफिसर जतिन दलाल, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर संजीव सिंह, अमेरिका-2 बिजनेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर नितिन वी जगनमोहन




आदि शामिल हैं। यहां तक इसके सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने भी हाल ही में कंपनी से अचनाक इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया।

## सिप्ला पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना

**मुंबई ।**

दवा कंपनी सिप्ला ने कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया। यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि तथ्यों के आकलन और प्रचलित कानून के आधार पर वह इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि उक्त आदेश के कारण उसकी वित्तीय स्थिति या परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



## केंद्रीय मंत्री ने ओपेक महासचिव से की बात, कच्चे तेल की कीमतों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ओपेक महासचिव हैथम अल-घैस के साथ बातचीत के दौरान कच्चा तेल बाजार में स्थिरता और समुचित कीमत के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने चर्चा के दौरान कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती

पास दोनों कंपनियों में समान शेयरधारिता होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि प्रक्रिया के पूरा होने के 12 महीनों के भीतर एबीएफआरएल ने अपने बहीखाते को मजबूत करने और शेष इकाइयों की वृद्धि को जरूरी कोष उपलब्ध कराने के लिए 2,500 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की योजना बनाई है। मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल व्यवसाय में चार फास्ट फैशन ब्रांड लुई फिलिप, वैन ह्यूसेन, एलन सोली और पीटर इंग्लैंड के साथ-साथ अमेरिकन ईगल और फॉरएवर 21 जैसे कैजुअल वियर ब्रांड शामिल हैं। इसके पास स्पोर्ट्सवियर ब्रांड रीबॉक और वैन ह्यूसेन के तहत इनरवियर व्यवसाय के लिए एक ब्रांड लाइसेंस भी है, जिसे एक अलग सूचीबद्ध इकाई में विभाजित किया जाएगा।

## बजाज समूह करेगा बजाज ऑटो क्रेडिट में 2 हजार करोड़ का निवेश

**मुंबई ।**

देश के अग्रणी कॉरपोरेट समूहों में शुमार बजाज ग्रुप की बजाज ऑटो ने अपनी इकाई बजाज ऑटो क्रेडिट में 2 हजार करोड़ से अधिक का निवेश की घोषणा की है। बजाज ऑटो को ऑटो सेक्टर में लोन देने वाली अपनी ईकाई बजाज ऑटो क्रेडिट में 2250 करोड़ रुपये निवेश करने की मंजूरी मिल गई है। एक्सचेंज फाइलिंग में बताया गया है कि बजाज ऑटो के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स से निवेश की मंजूरी मिली है। बता दें, बजाज ऑटो क्रेडिट, बजाज ऑटो के पूर्ण मालिकाना हक वाली ईकाई है। बजाज ऑटो क्रेडिट, बजाज ऑटो और इसकी सब्सिडियरीज की गाड़ियों को खरीदने के लिए ग्राहकों को लोन की सुविधा मुहैया करती है। कंपनी की वित्तीय सेहत की बात करें, तब वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इसका टर्नओवर 16.65 करोड़ रुपये था। वहीं इसकी नेटवर्थ 258 करोड़ रुपये है। वहीं बजाज ऑटो जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ साल-दर-साल 35.1 प्रतिशत बढ़कर 1,936 करोड़ हो गया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन का श्रेय बढ़ी हुई मात्रा, उच्च-मार्जिन वाले उत्पादों की अधिक हिस्सेदारी, जैसे फैक्टर्स को जाता है। बजाज




ऑटो के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक उछलकर 9,129 प्रति शेयर के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। इस वर्ष अब तक स्टॉक की कीमत 33 प्रतिशत से अधिक और पिछले 30 सत्रों में लगभग 7 प्रतिशत बढ़ी है।

## दुबई में भारी बारिश से भारतीय विमानन कंपनियों का परिचालन प्रभावित

**नई दिल्ली ।** दुबई में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से वहां हवाई अड्डे पर व्यवधान आने के बाद भारतीय विमानन कंपनियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट ने दुबई हवाई अड्डे पर प्रतिबंध के कारण या तो अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं या उनका समय बदल दिया है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), विशेषकर दुबई के बीच व्यस्त हवाई यातायात है। दुबई हवाई अड्डा दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। जहां एयर इंडिया ने हवाई अड्डे पर परिचालन संबंधी व्यवधानों का हवाला देते हुए दुबई से अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दीं, वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने अपनी कुछ उड़ानें निरस्त कर दी हैं। सूत्रों ने बताया कि दुबई हवाईअड्डे ने एक नोटोम जारी किया है, जिसमें गैर-यूएई संचालकों द्वारा उड़ानों के संचालन को 21 अप्रैल की सुबह तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अनुसार 24 घंटे में दो से अधिक उड़ान वाले गैर-यूएई संचालकों को दी गई समयावधि के दौरान परिचालन में 50 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि नोटोम के बाद भारतीय वाहकों का उड़ान संचालन बाधित हो गया है और वे अपनी सेवाओं को रद्द और पुनर्निर्धारित कर रहे हैं। इस कदम से एयरलाइंस का परिचालन खर्च बढ़ेगा।

## सनड्रीम नोएडा परियोजना में 250 करोड़ का करेगी निवेश

**नोएडा ।** रियल एस्टेट कंपनी सनड्रीम ग्रुप ने कहा कि वह वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी नोएडा स्थित परियोजना एंथुरियम बिजनेस पार्क में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी सेक्टर 73 स्थित इस परियोजना के पहले चरण में 250 करोड़ रुपये का निवेश कर चुकी है। एक बयान के मुताबिक ताजा निवेश पहले चरण के निवेश के अतिरिक्त है और अब दूसरे चरण का निर्माण शुरू हो गया है। कंपनी ने बताया कि परियोजना की कुल अनुमानित लागत 522 करोड़ रुपये है। सनड्रीम ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी

## नारायण मूर्ति का 5 महीने का पोता बना करोड़पति

### - डिविडेंड के रूप में मिलेंगे 4.2 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।**

इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति के पांच महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को हाल ही में उनके दादा ने उन्हें 15 लाख शेयर तोहफे में दिए थे। अब इन शेयरों ने एकाग्र को करोड़पति बना दिया है। दरअसल, इंफोसिस कंपनी ने हाल ही में 28 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बंपर अंतिम और स्पेशल डिविडेंड की घोषणा की है। यानी कि एकाग्र को इन शेयरों से कुल मिलाकर 4.20 करोड़ रुपये का फायदा होगा। इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी रकम हासिल करने के चलते एकाग्र भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी का सबसे कम उम्र का करोड़पति शेयरधारक बन गया है। गौरतलब है कि जब नारायण मूर्ति ने अपने पोते को 15 लाख शेयर गिफ्ट किए थे तब उनकी कीमत 240 करोड़ रुपये थी। कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024 के लिए शेयरधारकों को डिविडेंड देने की सिफारिश की है। डिविडेंड दो भागों में दिया जाएगा 20 रुपये प्रति शेयर का अंतिम डिविडेंड और अतिरिक्त 8 रुपये प्रति शेयर का विशेष डिविडेंड। इस तरह कुल मिलाकर, इंफोसिस के शेयरधारकों को प्रति शेयर 28 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। गौरतलब है कि यह कंपनी की पहले से घोषित पूंजी आवंटन नीति के तहत किया



जा रहा है, जिसके अनुसार कंपनी अपने फ्री कैश फ्लो का 85 फीसदी हिस्सा शेयरधारकों को लौटाने का वादा करती है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 31 मई, 2024 को आयोजित की जाएगी और लाभांश का भुगतान 1 जुलाई, 2024 को किया जाएगा। इस घोषणा से एनआर नारायण मूर्ति के पांच महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 4.2 करोड़ रुपये मिलेंगे। एकाग्र इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति के तीसरे पोते हैं। उनके माता-पिता रोहन मूर्ति और अपर्णा कृष्णन हैं।



## रांची के ओरमांझी पहुंचलयं क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, छउवामन के साथ खूब मस्ती करते दिखलयं





# टाटा स्टील : अग्निसमन सेवा सप्ताह कर दौरान होलक कई गतिबिधि

**जमशेदपुर** । टाटा स्टील अग्नि सुरछा, इकर रोकथाम कर बारे में जागरुकता बढ़ाएक आउर आपन जान कर आहुति देवेक वाला बहादुर अग्निसमन कर्मीमन के श्रद्धांजलि देवेक ले 14 से 20 अप्रैल कर बीच आपन सउब अस्थानमन में रास्ट्रीय अग्निसमन सेवा सप्ताह मनालक।

रास्ट्रीय अग्निसमन सेवा सप्ताह कर सुरुआत 14 अप्रैल के टाटा स्टील फायर ब्रिगेड, जमशेदपुर में होलक। अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ सिक्यूरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्सन, मेजर अनिल कुमार, हेड टाउन सिक्यूरिटी, अभय रंजन, सीनियर मैनेजर, फायर ब्रिगेड, शाहनवाज खान, यूनियन कमेटी मेंबर फायर ब्रिगेड, फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज आउर सिक्यूरिटी सर्विसेज कर कर्मचारीमन अग्निसमन कर्मीमन के श्रद्धांजलि देलयं।





सप्ताह कर दौरान, आग कर रोकथाम कर बारे में जागरुकता फैलाएक ले कतई गतिबिधि आयोजित करल गेलक। कुछ गतिबिधिमन में अग्नि रोकथाम उपरे पोस्टर कर बिमोचन आउर बितरन, इस्कूलोमन में आपातकालीन तैयारीमन उपरे जागरुकता सत्र, टाटा स्टील कर्मचारीमन कर बीच ऑनलाइन इंट्रानेट क्विज़ सामिल रहे। इकर में 2,436 टाटा स्टील कर्मचारी भाग लेलयं।

इकर अलावा, बिभिन्न प्रकार कर आग के रोकेक ले दैनिक अग्नि सुरछा परामर्स जारी करल गेलक आउर 4,800 इस्कूली छउवामन, 260 सिछन कर्मचारीमन आउर 60 गृहनीमन ले अग्निसामक कर उपयोग उपरे परसिछन आउर जागरुकता सत्र भी आयोजित करल गेलक।

टाटा मोटर्स लिमिटेड, इंडियन वायर एंड स्टील प्रोडक्ट लिमिटेड, जेसीएपीसीपीएल, जैमीपॉल लिमिटेड आउर टीएमएच अस्पताल में मॉक ड्रिल सत्र आयोजित करल गेलक।

टाटा स्टील फायर सर्विस कर्मीमन कर द्वारा जेपीएस इस्कूल, एआईडब्ल्यूसी इस्कूल, जुस्को इस्कूल, डीबीएमएस इस्कूल, विद्या ज्योति इस्कूल, नरभेराम हंसराज इस्कूल, टाटा मेन हॉस्पिटल, टाटा पिगमेंट लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, ट्यूब डिवीजन, टाटा स्टील गम्हरिया, आईएसडब्ल्यूपी में प्राथमिक चिकित्सा आउर अग्निसामक कर उपयोग उपरे परसिछन देवल गेलक।

लगभग 850 गो कंपनी कर्मचारीमन आउर ठेकेदारमन के आपातकालीन देखभाल आउर आग उपरे नियंत्रन ले जागरूक करल गेलक। जमशेदपुर में मीडिया ले अग्नि सुरछा परसिछन भी आयोजित करल गेलक।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल बिवाह होवेक से रोकलयं

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एक गो नाबालिग कर बिहा होवेक से रोइक देलयं। रांची जिला कर नरकोपी थाना छेतर कर सरवा पंचायत कर 16 बछर कर छोड़ी कर बिहा 22 अप्रैल, 2024 के होवे वाला रहे। छोड़ी मांडर इस्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका बिद्यालय में पढ़ाई करेला। ऊ ढेइरे दिन से इस्कूल नी आवत रहे। इकर जनकारी मांडर कर पीएलबी सुमन ठाकुर आउर पूनम देवी के इस्कूल प्रसासन से मिललक।

फिर गांव कर मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव के फोन से संपर्क करेक से पता चललक कि ऊ छउवा कर घर में सादी आहे, सेले ऊ इस्कूल नी जात हे। इकर बाद प्रोजेक्ट इंपैक्ट कर तहत छोड़ी कर उपस्थिति ले उकर से मिलेक ले उकर गांव पहुंचलयं। तब पता चललक कि सादी ओहे छोड़ी कर होवत हे। इकर जानकारी पीएलबी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची कर सचिव राकेश रंजन के देल गेलक।सचिव न्यायायुक्त दिवाकर पांडे कर दिसा निरदेस में बाल बिवाह रोकेक कर निरदेस देलयं। बीडीओ सह बाल बिवाह निषेध पदाधिकारी (मांडर) आउर नारकोपी थाना प्रभारी से संपर्क कइर के इकर जानकारी देलयं। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका बिद्यालय इस्कूल प्रसासन, नरकोपी थाना कर पदाधिकारी, ग्रामीन, मुखिया प्रतिनिधि आउर पीएलबी कर उपस्थिति में बेटी छउवा कर परिवार से बात करल गेलक। समझाल गेलक कि बाल बिवाह कानूनी अपराध हेके। इकर बाद बेटी छउवा कर परिवार वाला सादी रोकेक ले तैयार होए गेलयं। बेटी छउवा भी भी आगे पढ़ेक कर इच्छा जतालक।इस प्रकार डालसा, रांची के सहयोग से बाल विवाह को रोका गया। बच्ची को पुनः पढ़ाई के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडर भेजा गया।



# कम मतदान वाला बूथमन में चुनावी जागरुकता कर होलक आयोजन

**पलामू।** जिला परसासन आउर जेएसएलपीएस बट से जारी कैलेंडर कर अनुसार सखी मंडल कर दीदीमन चुनावी जागरुकता गतिबिधि कर आयोजन करत हयं। ई कार्जक्रम कर अंतर्गत सनिचर के रंगोली प्रतिजोगिता, दीवाल लेखन आउर पेंटिंग कर आयोजन करल गेलक। जागरुकता कार्जक्रम में सखी मंडल, ग्राम संगठन आउर संकुल संगठन कर सदस्य भाग लेवत हयं। जिला परसासन बट से जहां पिछला चुनाव में भोटिंग कम होए रहे वइसन बूथ के चिन्हित कइरके बिसेस जागरुकता अभियान चलाल जात हे। एहे पांइत में चैनपुर, लेसलीगंज, पिपरा, नौडीहा बाजार, मेदीनीनगर आउर पांडू आदि परखंडमन में कार्जक्रम आयोजित करल गेलक।




# दिल्ली पब्लिक इस्कूल कर बिद्यार्थीमन कर ओलंपियाड में सानदार परदरसन



- सउब से बेसी 85 गो छात्र-छात्रामन सफलता दर्ज करलयं

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक इस्कूल, बोकारो कर बिद्यार्थीमन अंतररास्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में सानदार परदरसन करलयं। इकर आयोजन इंटरनेसनल ओलंपियाड फाउंडेसन (आइओएफ) कर दन से करल जाए रहे। प्रतिजोगिता में पहिल धांव सउब से बेसी 85 गो छात्र-छात्रामन सानदार सफलता दर्ज करलयं। छे गो बिद्यार्थीमन कर अंतरास्ट्रीय अस्तर में रैंक वन आय हे। तीन झन के जोनल रैंक वन मिललक। इके मिलाय के 34 गो बिद्यार्थीमन स्वर्ण पदक जीइत के बिद्यालय, बोकारो व झारखंड कर नाम गौरवान्वित करलयं।

इंटरनेशनल रैंक वन पावेक वाला में कछा छह से अदिरा दीप, सातवीं कछा कर उज्ज्वल पांडेय, आराध्या सिंह व अवनी प्रियदर्शी आउर कछा 10 कर प्राप्ति दास आउर अमोघ आनंद झा कर नाव सामिल हय। कछा आठ कर ओम प्रकाश पात्रा आउर संस्कृत सिंह आउर नौवीं कछा कर छात्र कुणाल आनंद जोनल रैंक वन हासिल कइर हयं। उनके गोल्ड मेडल, गोल्ड बैज, ट्रॉफी आउर सर्टिफिकेट मिइल हे। सनिचर के स्पेसल एसेंबली में प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार सउब सफल छात्र-छात्रामन के पुरस्कृत कइर के उनकर उज्ज्वल भविस कर कामना करलयं।

स्वर्ण पदक आउर गोल्ड बैज जीतेक वाला में डीपीएस बोकारो कर कछा छह कर कुंवर शौर्य व शशांक, सात से ऋध्वि, काव्या, आदित्य लाल, वंश राजवेद, अभिनीत महापात्रा, अक्षरा सिंह, शारदा नंदिनी व आरुष कुमार सिन्हा, आठ से सौमिली मंडल, आयुषी श्री, अभिनव मंडल व पलक प्रिया, नौ कर अनिमेष आनंद, 10 से अनुष्का प्रिया, मन्नत मनीष, आर्या सिंह, आरव यश, अर्पिता आर्या, तान्या श्री, शगुन वर्मा, शिप्रा सिंह, ऋद्धिम गुप्ता व आव्या सिंह कर नाव सामिल हेके। 36 गो रजत पदक व बैज जीतलयं। 15 झन कांस्य पदक आउर बैज जीतलयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com